NNI
हर खबर पर पक्की नजर
मूल्यों और आदर्शों के कर्म पथ पर जनहित की आवाज
दैनिक हिन्दी समाचार पत्र
# न्यूज नेक्स्ट इण्डिया
सत्यता व निष्पक्षता का पंचम वर्ष
www.nnindianews.com
वर्ष :05, अंक :-152, पृष्ठ : 12 | सोमवार, 08 दिसम्बर, 2025 | मूल्य- 03.00 रुपये मात्र

## वंदे मातरम् पर लोकसभा में महाचर्चा

# इस मंत्र ने आजादी में सबको ऊर्जा दी: मोदी

**नई दिल्ली।** लोकसभा में आज वंदे मातरम के 150 साल पूरे होने पर विशेष चर्चा हो रही है। इस मौके पर स्वतंत्रता आंदोलन में इस देशभक्ति गीत की भूमिका और भारत की सांस्कृतिक विरासत पर चर्चा की जाएगी। चर्चा की शुरूआत दोपहर 12 बजे पीएम मोदी ने की। लोकसभा में वंदे मातरम पर चर्चा के लिए 10 घंटे का वक्त तय किया गया है।



> जिस मंत्र ने देश के आजादी के आंदोलन को ऊर्जा, प्रेरणा दी थी, त्याग और तपस्या का मार्ग दिखाया था उस वंदे मातरम् का स्मरण करना हम सबका सौभाग्य है। गर्व की बात है कि वंदे मातरम् के 150 वर्ष पूरे होने के इस ऐतिहासिक अवसर के हम साक्षी बन रहे हैं।

राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम के 150 साल पूरे होने के मौके पर पीएम मोदी ने चर्चा की शुरूआत करते हुए कहा, "हमारे लिए गर्व की बात है कि इस ऐतिहासिक अवसर के हम साक्षी बन गए हैं। एक ऐसा कालखंड जो हमारे सामने इतिहास की अनगिनत घटनाओं को अपने सामने लेकर आता है। ये एक ऐसा अध्याय है जिससे इतिहास के कई पन्ने हमारे सामने उजागर हुए हैं।"

मैं सभी का आभार करता हूं कि हमने इस महत्वपूर्ण अवसर पर एक सामूहिक चर्चा का रास्ता चुना है। जिस मंत्र, जिस जयघोष ने देश के आजादी के आंदोलन को ऊर्जा, प्रेरणा दी थी, त्याग और तपस्या का मार्ग दिखाया था उस वंदे मातरम् का स्मरण करना हम सबका सौभाग्य है। हमारे लिए गर्व की बात है कि वंदे मातरम् के 150 वर्ष पूरे होने के इस ऐतिहासिक अवसर के हम साक्षी बन रहे हैं।

यही वंदे मातरम् है जिसने 1947 में देश को आजादी दिलाई। स्वतंत्रता संग्राम का भावात्मक नेतृत्व इस वंदे मातरम के जयघोष में था। यहां कोई पक्ष-प्रतिपक्ष नहीं है, हम सबके लिए यह रण स्वीकार करने का अवसर है, जिस वंदे मातरम् के कारण हमारे लोग आजादी का आंदोलन चला रहे थे उसी का परिणाम है कि आज हम सब यहां बैठे हैं।

पीएम मोदी ने कांग्रेस पर बड़ा वार करते हुए कहा, "जब वंदे मातरम् के 100 साल पूरे हुए थे, तब देश आपातकाल के जाल में जकड़ा हुआ था। उस समय संविधान का गला घोंट दिया गया था।"

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, "वंदे मातरम 150 की यह यात्रा अनेक पड़ावों से गुजरी है लेकिन वंदे मातरम् को जब 50 वर्ष हुए तब देश गुलामी में जीने के लिए मजबूर था और वंदे मातरम् के जब 100 साल हुए तब देश आपातकाल की जंजीरों में जकड़ा हुआ था।

जब वंदे मातरम् 100 साल का हुआ तब देशभक्ति के लिए जीने-मरने वाले लोगों को सलाखों के पीछे बंद कर दिया गया था। जिस वंदे मातरम् के गीत ने देश को आजादी की ऊर्जा दी थी उसके जब 100 साल हुए तो दुर्भाग्य से एक काला कालखंड हमारे इतिहास में उजागर हो गया...150 वर्ष उस महान अध्याय को, उस गौरव को पुनर्स्थापित करने का अवसर है।"

## इंडिगो संकट
### 7वें दिन भी 250 से अधिक फ्लाइट कैंसिल

**नई दिल्ली।** देश की सबसे बड़ी एयरलाइन इंडिगो की उड़ान सेवाएं सोमवार को भी पटरी पर नहीं लौट सकीं हैं। दिल्ली, श्रीनगर, हैदराबाद, बेंगलुरु, अहमदाबाद एयरपोर्ट से अब तक 250 से ज्यादा फ्लाइट कैंसिल हो चुकी हैं।

एक दिन पहले भी एयरलाइन ने 650 से ज्यादा उड़ानें रद्द कर दी थीं। हालांकि कंपनी ने 2,300 डेली फ्लाइट्स में से 1,650 संचालित करने का दावा किया है। इंडिगो के सीईओ पीटर एल्बर्स ने कहा- हालात रोज बेहतर हो रहे हैं। 10 दिसंबर तक ऑपरेशन नॉर्मल होने की उम्मीद है। पहले कंपनी ने 10 से 15 दिसंबर तक सामान्य होने की बात कही थी। इधर, सुप्रीम कोर्ट ने इंडिगो के खिलाफ दायर याचिका पर तत्काल सुनवाई से इनकार कर दिया है।

## एमपी में सर्दी के 10 साल का रिकॉर्ड टूटा, यूपी के 20 जिलों में घना कोहरा

**नई दिल्ली।** उत्तर भारत में शीतलहर का असर जारी है। पंजाब, हरियाणा, मध्य प्रदेश और राजस्थान के कई हिस्सों में रविवार को न्यूनतम तापमान तीन से सात डिग्री सेल्सियस के बीच दर्ज किया गया। मध्य प्रदेश में बर्फीली हवाओं ने ठिठुरन बढ़ा दी है। एमपी के ज्यादातर शहरों में रविवार को पारा 10 डिग्री से नीचे रहा। भोपाल, ग्वालियर, जबलपुर सहित कई जिलों में शीतलहर चली। इंदौर में सर्दी के 10 साल का रिकॉर्ड टूट गया। यहां रविवार रात को 5.7 डिग्री तापमान रहा। इससे पहले 24 दिसंबर 2015 को इंदौर में सबसे कम तापमान, 7 डिग्री रिकॉर्ड हुआ था।



यूपी के 20 जिलों में सोमवार को इस सीजन पहली बार घना कोहरा देखने को मिला। पीलीभीत, लखीमपुर खीरी समेत कई जिलों में विजिबिलिटी इतनी कम हो गई कि सड़कों पर 10 मीटर दूर भी कुछ नजर नहीं आ रहा था। अयोध्या सबसे ठंडा शहर रहा। यहां पारा 5.5 डिग्री रिकॉर्ड किया गया। जम्मू-कश्मीर के कई हिस्सों में तापमान शून्य से नीचे चला गया है। रविवार को अमरनाथ यात्रा बेस कैंप माइनस 4.3 डिग्री तापमान के साथ जम्मू-कश्मीर में सबसे ठंडी जगह रही। हिमाचल प्रदेश के रोहतांग दर्रे पर हल्की बर्फबारी हुई। इससे पहाड़ों पर बर्फ की सफेद चादर बिछ गई।




## लुधियाना में भीषण हादसाः देर रात बेकाबू कार डिवाइडर से टकराई, दो नाबालिग लड़कियों सहित पांच की मौत

**लुधियाना।** लाडोवाल के पास देर रात एक तेज रफ्तार कार बेकाबू हो गई और डिवाइडर से टकरा गई। हादसे में तीन लड़कों और दो नाबालिग लड़कियों की मौत हो गई।

लुधियाना में लाडोवाल के पास रविवार देर रात एक तेज रफ्तार कार बेकाबू होकर डिवाइडर से जा टकराई। हादसे में कार में सवार दो नाबालिग लड़कियों सहित पांच की मौत हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार भी बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। मृतकों की पहचान नहीं हो पाई है। बताया जा रहा है कि सभी लोग जगरांव एरिया के थे। सूचना मिलने के बाद थाना लडोवाल की पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने देर रात को पांचों शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिए। तीन मृतकों की पहचान जगरांव निवासी सतपाल, वीरू और सिमरन के तौर पर हुई है। सतपाल व वीरू दोनों निवासी कोठे खंजूरा और सिमरन निवासी अजीत नगर जगरांव के तौर पर हुई है। सतपाल के पिता हलवाई का काम करते है जबकि वीरू के पिता ड्राइवर है।

newsnextindia1@gmail.com
NNI हर खबर पर पक्की नज़र न्यूज नेक्स्ट इंडिया


## गोवा नाइट क्लब हादसा

# छह दिन की हिरासत में भेजे गए चार आरोपी




**पणजी।** उत्तर गोवा के अपोर्रा स्थित नाइटक्लब 'बर्च बाय रोमियो लेन' में शनिवार देर रात आग लग गई थी, जिसमें 25 लोगों की मौत हो गई, जिनमें अधिकतर क्लब के कर्मचारी थे। अंजुना पुलिस ने क्लब के मुख्य महाप्रबंधक राजीव मोडक (49 वर्षीय, निवासी आर.के. पुरम, नई दिल्ली), महाप्रबंधक विवेक सिंह (27 वर्षीय, निवासी जौनपुर, उत्तर प्रदेश), बार प्रबंधक राजीव सिंघानिया (32 वर्षीय, निवासी गोरखपुर, उत्तर प्रदेश) और गेट प्रबंधक प्रियांशु ठाकुर (32 वर्षीय, निवासी मालवीय नगर, नई दिल्ली) को गिरफ्तार किया है। चारों को अदालत में पेश किया गया, जहां उन्हें छह दिन की पुलिस हिरासत में भेजा गया।

उत्तर गोवा जिला प्रशासन ने वैगेटर और असागाओ में स्थित रोमियो लेन चेन के दो अन्य क्लब और एक तटीय ढाबा भी बंद कर दिया। अधिकारियों ने कहा कि इन दोनों संपत्तियों पर भी कार्रवाई की गई क्योंकि ये विवादों में शामिल थीं।

मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत ने रविवार को कहा कि राज्य पुलिस की टीम लुथरा परिवार की तलाश में दिल्ली गई है। उन्होंने बताया कि दोनों प्रमोटर्स को गिरफ्तार किया जाएगा क्योंकि आग से जुड़े मामले में उनके खिलाफ प्राथमिकी दर्ज है। अधिकारियों ने बताया कि आग लगने का मुख्य कारण अतिशबाजी मानी जा रही है। अपोर्रा स्थित नाइट क्लब बर्च बाय रोमियो लेन पणजी से करीब 25 किलोमीटर दूर है। इस क्लब के पास कथित तौर पर दमकल विभाग का अनापत्ति प्रमाणपत्र (एनओसी) भी नहीं था। मारे गए लोगों में 20 नाइट क्लब कर्मचारी और पांच पर्यटक शामिल हैं, जिनमें चार दिल्ली से थे। ज्यादातर मौतें दम घुटने से हुईं, क्योंकि पीड़ित ग्राउंड फ्लोर और किचन में फंस गए थे।

**मुख्यमंत्री ने मुख्य सचिव और डीजीपी को दिए निर्देश**

मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत ने कहा कि प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, क्लब ने अग्नि सुरक्षा मानकों का पालन नहीं किया था। आग से अधिकांश मौतें धुंएं में दम घुटने के कारण हुईं, क्योंकि लोग ग्राउंड फ्लोर और रसोई में फंस गए थे। संकरी गलियों के कारण दमकल वाहनों की पहुंच मुश्किल हुई और पानी के टैंकरों को 400 मीटर दूर पार्क करना पड़ा। छोटे दरवाजे और संकरे पुल के कारण लोगों के लिए भागना मुश्किल था। मुख्यमंत्री सावंत ने बताया कि प्रारंभिक जांच में पता चला है कि शनिवार रात पौने ग्यारह बजे क्लब के अंदर अतिशबाजी की गई, जिससे आग लग गई। मुख्यमंत्री ने मुख्य सचिव वी. कंदवेलू और पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) आलोक कुमार को निर्देश दिए कि उन सरकारी अधिकारियों की पहचान करें और उनके खिलाफ कार्रवाई करें, जिन्होंने नियमों का उल्लंघन होने के बावजूद क्लब को संचालन की अनुमति दी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि मृतकों के परिजनों को पांच लाख रुपए और घायल लोगों को 50 हजार रुपये का मुआवजा राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के फंड से दिया जाएगा। मृतक कर्मचारी उत्तराखंड, झारखंड, असम, महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश और पश्चिम बंगाल के थे। इनमें चार नेपाली नागरिक भी शामिल हैं। उनके शवों को उनके मूल स्थानों तक पहुंचाने की व्यवस्था की जाएगी। सरकार ने दक्षिण गोवा कलेक्टर, दमकल एवं आपात सेवा के उप निदेशक और फॉरेंसिक प्रयोगशाला के निदेशक को जांच समिति बनाने का आदेश दिया है। समिति को एक सप्ताह में रिपोर्ट सौंपनी है।

**सरकार ने तीन अधिकारियों को निलंबित किया**

गोवा सरकार ने जांच शुरू की है और तीन वरिष्ठ अधिकारियों को निलंबित किया गया है, जिनमें पंचायत के तत्कालीन निदेशक सिद्धि तुषार हरलकर, गोवा राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की सदस्य सचिव डॉ. शमीला मोंटेइरो और अपोर्रा-नागोवा ग्राम पंचायत के सचिव रघुवीर बगकर शामिल हैं। इन्हें 2023 में क्लब को संचालन की अनुमति देने के लिए जिम्मेदार ठहराया गया है।

## कंबोडिया-थाईलैंड के बीच फिर बढ़ा तनाव, हवाई हमले जारी

**बैंकॉक।** थाईलैंड ने कंबोडिया के साथ विवादित सीमा क्षेत्र में हवाई हमले शुरू कर दिए हैं। थाई सैन्य अधिकारियों ने सोमवार को बताया कि यह कार्रवाई उस समय की गई, जब दोनों देशों ने एक-दूसरे पर अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा कराए गए संघर्षविराम समझौते



को तोड़ने का आरोप लगाया।

थाई सेना के बयान के मुताबिक, पूर्वी प्रांत उबोन रत्चाथानी के दो इलाकों में ताजा झड़पों में एक थाई सैनिक की मौत हुई और चार घायल हुए। सेना ने कहा कि उनके जवानों पर कंबोडिया की ओर से गोलीबारी की गई, जिसके बाद उन्होंने कई सैन्य ठिकानों पर हवाई हमला शुरू किया।

वहीं, कंबोडिया के रक्षा मंत्रालय ने कहा कि थाई सेना ने आज सुबह उनके दो सैन्य ठिकानों पर हमले किया। मंत्रालय ने दावा किया कि पिछले कई दिनों से थाई सेना उकसाने वाली गतिविधियां कर रही है और कंबोडियाई सैनिकों ने जवाबी कार्रवाई नहीं की।

दोनों देशों के बीच जुलाई में तनाव भड़का था। तब पांच दिन तक संघर्ष चला। इसके बाद मलयेशिया के प्रधानमंत्री अनवर इब्राहिम और ट्रंप की मध्यस्थता में संघर्षविराम कराया गया था। अक्तूबर में कुआलालंपुर में दोनों देशों ने विस्तारित शांति समझौते पर हस्ताक्षर भी किए थे। जुलाई के संघर्ष में 48 लोग मारे गए थे और करीब तीन लाख लोग अस्थायी रूप से विस्थापित हुए थे।

दोनों देशों ने उस समय भारी तोपखाने और रॉकेट दागे थे। पिछले महीने एक लैंडमाइन विस्फोट में थाईलैंड का एक सैनिक घायल हो गया था। इसके बाद थाई सरकार ने कंबोडिया के साथ किए गए संघर्षविराम समझौते को रोक दिया था। थाई सेना ने बताया कि सीमा के चार जिलों से तीन लाख 85 हजार से अधिक नागरिकों को सुरक्षित स्थानों पर भेजा जा रहा है और अब तक 35 हजार से ज्यादा लोग अस्थायी शिविरों में पहुंच चुके हैं।

## शर्मनाक करतूतः महिला ने जानकार से तुड़वा दिए पति के हाथ-पैर

**नई दिल्ली।** दिल्ली से सटे फरीदाबाद में एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है। जहां एक पत्नी ने अपने पति को सबक सिखाने के लिए अपने जानकारों की मदद से उसके हाथ-पैर तुड़वा दिए। इस मामले में क्राइम ब्रांच की टीम ने पत्नी सहित चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता के अनुसार, यह घटना 24 सितंबर की रात को हुई, जब शिकायतकर्ता ललित ड्यूटी जाने के लिए घर से बाहर निकले थे। ललित ने थाना सारन में दर्ज कराई अपनी शिकायत में बताया कि जब वह 24 सितंबर की रात को ड्यूटी के लिए घर से निकले, तो कुछ नकाबपोश लोगों ने उन पर लाठी-डंडों से जानलेवा हमला किया। इस हमले में उन्हें गंभीर चोटें आईं। शिकायत के आधार पर थाना पुलिस ने संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए, क्राइम ब्रांचसेक्टर 48 की टीम ने सक्रियता से जांच शुरू की। टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए, इस मामले में चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है।



राजधानी लखनऊ में सोमवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सरकारी आवास पर जनता दर्शन में लोगों की समस्याएं सुनीं। उनके निराकरण के लिए उन्हें भरोसा दिया। साथ ही अधिकारियों को निर्देशित किया कि पीड़ितों की मदद और पात्रों को शासन की जन कल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित करने में विलंब नहीं होना चाहिए। इसमें किसी तरह की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। दिक्कतों का पता लगाकर निराकरण कराया जाए।

## ऑस्ट्रेलिया में जंगलों में लगी भीषण आग, अब तक 40 घर तबाह

**मेलबर्न।** ऑस्ट्रेलिया के जंगलों में लगी आग भयावह रूप लेती जा रही है। ऑस्ट्रेलियाई अधिकारियों ने बताया कि आग देश के 2 राज्यों में लगी है और अब तक करीब 40 घर पूरी तरह से तबाह हो गए हैं। अधिकारियों ने यह भी बताया कि आग की चपेट में आने से एक फायर फाइटर की मौत हो गई है।



रूरल फायर सर्विस कमिश्नर ट्रेंट कर्टिन ने बताया कि 59 साल के एक फायर फाइटर की मौत उस वक्त हुई जब रविवार रात न्यू साउथ वेल्स के बुलाहडेला शहर के पास जंगल की आग से लड़ते समय एक पेड़ गिर गया। इस आग ने 3,500 हेक्टेयर जंगल जला दिया है। आग की वजह से कई घर भी तबाह हो गए हैं। कर्टिन ने बताया कि फायर फाइटर गंभीर रूस से घायल हो गया था जिसे बचाया नहीं जा सका।

ट्रेंट कर्टिन ने कहा कि फायर फाइटर्स को जंगलों में लगी आग से कई दिनों तक लड़ना पड़ सकता है। सोमवार को न्यू साउथ वेल्स में 52 जगहों पर जंगल में आग लगी हुई थी और 9 स्थानों पर यह बेकाबू थी। कर्टिन ने कहा कि न्यू साउथ वेल्स में आग से अब तक 20 से अधिक घर तबाह हो चुके हैं।

स्थानीय सरकारी अधिकारी डिक शॉ ने ऑस्ट्रेलियन ब्रॉडकास्टिंग कॉर्प को बताया कि डॉल्फिन सैंड्स के तटीय इलाके में लगी जंगल की आग से 19 घर तबाह हो गए हैं। शॉ ने कहा कि आग पर काफी हद तक काबू पाया जा चुका है लेकिन ऐहतियातन इलाके की सड़कों को बंद किया गया है और लोगों को घरों से दूर ही रहने को कहा गया है।

स्वामी वीरेन अग्रवाल प्रकाशक विवेक खंडेलवाल मुद्रक इम्प्रेशन प्रिंटिंग एवं पैकेजिंग लिमिटेड, सिकंदरा रोड, गुरु का ताल, आगरा से मुद्रित एवं बृज वैलबिल्ट प्राइवेट लिमिटेड, फ्लैट 302 तीसरी मंजिल ब्लॉक E /11/8 संजय प्लेस आगरा से प्रकाशित। RNI Registration No., UPHIN/2021/88376। प्रधान संपादक अरविन्द सिंह। चेयरमैन-स्वतंत्र कुमार। प्रबंध निदेशक ब्रजेश सिकरवार। E MAIL newsnextindia1@gmail.com, Website:-www.nnindianews.com
(प्रधान संपादक इस अंक में समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी आर बी एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी है)

NNI
हर खबर पर पक्की नजर
मूल्यों और आदर्शों के कर्म पथ पर जनहित की आवाज
दैनिक हिन्दी समाचार पत्र
न्यूज नेक्स्ट इण्डिया
अपना ब्रज
www.nnindianews.com
सोमवार, 08 दिसम्बर 2025


## मथुरा- बरेली-जयपुर हाईवे पर हादसा

# तीन दोस्तों की मौत

एनएनआई

**मथुरा।** बरेली-जयवपुर हाईवे पर बरेली की ओर से आ रही एक तेज रफ्तार ब्रिजा कार आगे चल रहे मिट्टी लदे ट्रैक्टर में घुस गई। कार में सवार शाहजहांपुर जिले के जलालाबाद के तीन दोस्तों की मृत्यु हो गई, जबकि एक की हालत चिंताजनक बनी है। यह सभी वृंदावन में दर्शन के लिए आ रहे थे।

शाहजहांपुर जिले के जलालाबाद क्षेत्र के कटरा रोड निवासी राजन गुप्ता अपने साथी नोसारा निवासी निकुंज गुप्ता, सौरभ वर्मा, राजा भारद्वाज के साथ रात करीब नौ बजे ब्रिजा कार से वृंदावन में दर्शन के लिए रवाना हुए थे। रात करीब दो बजे बरेली-जयपुर हाईवे पर स्थित केशवपुर गांव के सामने कार आगे चल रही मिट्टी लदी ट्रैक्टर ट्रॉली में घुस गई। इस हादसे में मौके पर ही राजन गुप्ता की मृत्यु हो गई, जबकि निकुंज, सौरभ और राजा भारद्वाज को गंभीर हालत में आगरा भेजा गया। यहां उपचार के दौरान निकुंज और सौरभ की भी मृत्यु हो गई। राजा की हालत चिंताजनक है। राया थाना प्रभारी रविभूषण शर्मा ने बताया कि जिस स्थान पर घटना हुई है, वहां काफी अंधेरा था। ट्रैक्टर ट्रॉली आगे जा रही थी, तभी पीछे से कार उसमें घुस गई।



## गोवर्धन में हादसा: तीन चचेरे भाइयों की मौत



एनएनआई

**मथुरा।** चचेरी बहन की लग्न सगाई लेकर मथुरा से गोवर्धन जा रहे तीन युवकों की तेज रफ्तार बाइक रविवार शाम सात बजे अनियंत्रित होकर राधाकुंड चौकी क्षेत्र में सुदामा गोशाला के पास बंबे में गिर गई। इसे देख आसपास के लोगों ने शोर मचाया। पुलिस ने लोगों की मदद से आधे घंटे में तीनों युवकों को बाहर निकालकर अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उनको मृत घोषित कर दिया। परिवार के ही तीन युवकों की मृत्यु से लग्न समारोह की खुशियां मातम में पसर गई।

हाईवे थाना क्षेत्र के महोली रोड स्थित मासूम नगर के रहने वाले वीरेंद्र अपने भाइयों व परिवार के साथ रविवार शाम छह बजे अपनी बेटी ममता की लग्न सगाई लेकर गोवर्धन के राधाकुंड स्थित संगम धाम मैरिज होम जा रहे थे। चचेरी बहन की लग्न सगाई में शामिल होने के लिए अंकुश, कन्हैया और प्रवीण अपाचे बाइक से गोवर्धन जा रहे थे। राधाकुंड चौकी क्षेत्र में सुदामा गोशाला के पास रविवार शाम सात बजे तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित होकर पानी के बंबे में गिर गई। पास ही आग ताप रहे ग्रामीणों ने पानी में युवकों को गिरता देख शोर मचा दिया और यूपी डायल 112 पुलिस को सूचना दे दी। इसके बाद ग्रामीण युवकों को तलाशने के लिए पानी में कूद गए। थोड़ी ही देर में पुलिस पहुंच गई। पुलिस ने गोताखोर बुलाए। करीब आधे घंटे की मशक्कत के बाद ग्रामीणों ने तीनों युवकों को बाहर निकाल लिया। पुलिस तीनों को लेकर सीएचसी पहुंची, जहां चिकित्सकों ने उनको मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने पहचान कर स्वजन को सूचना दी। हादसे की सूचना मिलते ही मैरिज होम से स्वजन मौके पर पहुंच गए। परिवार में तीन चचेरे भाइयों की मृत्यु से लग्न सगाई समारोह की खुशियां मातम में पसर में गई।



## बांकेबिहारी व राधारमण मंदिर में बिगड़े हालात

ठाकुर बांकेबिहारी मंदिर में श्रद्धालुओं की संख्या में लगातार हो रही वृद्धि में नियंत्रण हो पाना संभव नहीं हो पा रहा है। राधारमण मंदिर में भी रविवार सुबह से ही भीड़ का दबाव ऐसा रहा कि लोग घंटों भीड़ के दबाव में फंसे रहे और चीख-पुकार होती रही। मंदिर प्रांगण में श्रद्धालुओं की सुरक्षा व सुविधा के कोई उपाय न होने के कारण लोग मनमानी करके मंदिर में प्रवेश करने और बाहर निकलने के दौरान आमने-सामने आ गए।

## एक्सप्रेसवे पर अज्ञात वाहन ने बुलेट सवारों को रौंदा, एक की मौत

एनएनआई

**फिरोजाबाद।** आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे पर नगला खंगर थाना क्षेत्र में रविवार की शाम करीब 7 बजे सड़क हादसे में बुलेट सवार एक युवक की मौत हो गई। इस दुर्घटना में एक अन्य युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। यह हादसा एक्सप्रेसवे के खंभा संख्या 63-800 के पास हुआ।

मृतक की पहचान बिहार के खगड़िया जिले के निवासी रंजन कुमार (23) पुत्र शिवनंदन के रूप में हुई है। घायल युवक रायबरेली निवासी ललित (30) पुत्र गंगासागर है। दोनों युवक अपनी बुलेट बाइक से रायबरेली से हरियाणा के फरीदाबाद नौकरी करने जा रहे थे।

नगला खंगर थाना क्षेत्र में एक्सप्रेसवे पर अज्ञात वाहन ने उनकी बुलेट बाइक को टक्कर मार दी। सूचना मिलते ही नगला खंगर



पुलिस और एनएचएआई की टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने दोनों घायलों को एम्बुलेंस से जिला अस्पताल पहुंचाया। जिला अस्पताल में चिकित्सकों ने रंजन कुमार को मृत घोषित कर दिया। घायल ललित का उपचार जारी है। थाना प्रभारी नगला खंगर गिरीश राजपूत ने बताया कि हादसे की सूचना दोनों युवकों के परिजनों को दे दी गई है।




## उठावनी

अत्यंत दुःख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि हमारी पूज्य माताजी **श्रीमती ध्रुव कुमारी** पत्नी स्व. शिवनन्दन लाल का **निधन दिनांक: 06.12.2025** (शनिवार) को हो गया है। उठावनी पुरुषों व महिलाओं की **दिनांक: 08.12.2025 (सोमवार) को अपराह्न 3 से 4 बजे तक** बगीची बाबा गोपेश्वर नाथ, नौबस्ता लोहामंडी में होगी।

स्व. श्रीमती ध्रुव कुमारी

**शोकाकुल**

निर्लोष कुमार, कपिल (पुत्र)
इंदू (पुत्री), प्रथनन्दन, प्रदीप कमार, संजय वर्मा (देवर), अंकित, अमन, मनीष (भतीजे)



# विजय नगर कॉलोनी स्थित अपार्टमेंट की चौथी मंजिल के फ्लैट में भीषण आग, दो धमाके

## जान हथेली पर लेकर आग में घुसे दमकलकर्मी बचाया पूरा परिवार

आगरा एनएनआई। के विजय नगर कॉलोनी स्थित त्रिवेणी क्रिस्टल अपार्टमेंट के चौथी मंजिल के फ्लैट में भीषण आग लग गई। इस आग में पूरा परिवार फंस गया। सूचना मिलते ही दमकलकर्मी मौके पर पहुंच गए। दमकल कर्मियों ने जांबाजी दिखाते हुए परिवार को बचा लिया।

आगरा के थाना हरीपर्वत क्षेत्र स्थित विजय नगर कॉलोनी में रविवार शाम चार बजे त्रिवेणी क्रिस्टल अपार्टमेंट की चौथी मंजिल पर प्रॉपर्टी डीलर राजीव अग्रवाल के फ्लैट में दीये की लौ से आग लग गई। फ्लैट में मौजूद प्रॉपर्टी डीलर की पत्नी, बेटा और बेटी आग की लपटों के बीच फंस गए। धुएं से सांस लेने में दिक्कत होने लगी। उन्होंने खिड़की से शोर मचाया। सूचना पर 15 मिनट में पहुंचे दमकलकर्मियों ने पांचवीं मंजिल की छत रस्सी डालकर फ्लैट की खिड़की तोड़कर अंदर प्रवेश किया। आग बुझाकर तीनों लोगों को सकुशल बचा लिया।

अपार्टमेंट की चौथी मंजिल पर बने फ्लैट नंबर 401 में प्रॉपर्टी डीलर राजीव अग्रवाल, उनकी पत्नी रंजना अग्रवाल (64), बेटा रजत (33) और बेटी मुस्कान (27) रहते हैं। राजीव अग्रवाल काम से गए थे। फ्लैट में पत्नी और बच्चे थे। बेटे रजत ने बताया कि ड्राइंग रूम के पास बने मंदिर में दीया जल रहा था। शाम करीब 4 बजे मंदिर से आग की लपटें निकलने लगीं। यह देखकर घबरा गए और शोर मचा दिया। आवाज सुनकर कमरे में सो रहीं मां आई बहन भी आ गई। इतनी देर में आग की लपटें दरवाजे तक पहुंच गईं। दरवाजा अंदर से बंद था। इस कारण कोई भी बाहर नहीं निकल सका।

### रस्सी बांधकर फ्लैट में घुसे फायरकर्मी

रामकेश और पंकज की हर कोई सराहना कर रहा था। रामकेश ने बताया कि फ्लैट में घुसना आसान नहीं था। इस कारण छत के सहारे प्रवेश किया। पानी के पाइप की मदद से जमीन पर लेटकर आग बुझाने लगे। इस दौरान दो बार धमाके भी हुए। 10 मिनट बाद मदद के लिए फायरमैन पंकज अंदर घुसे। दरवाजे की आग बुझते ही सामने से फायरमैन प्रवीण और देवकी अंदर पहुंचे। बदहवास परिवार को सुरक्षित बाहर निकाला। रंजना अग्रवाल की धुएं से दम घुटने के कारण तबीयत बिगड़ने लगी तो उन्हें निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। आग बुझाने के लिए संजय प्लेस के साथ-साथ ईदगाह और शास्त्रीपुरम से भी दमकलकर्मी और अधिकारी पहुंचे थे। आग लगने से सामान जल गया।

# शंकर ग्रीन सोसायटी के पास लगी आग

## फ्लैटों में घुसा धुआं, बाहर निकलकर भागे लोग

एनएनआई

आगरा। पड़ोस के प्लॉट में कूड़े के ढेर में लगी आग ने रविवार की देर रात शंकर ग्रीन सोसायटी के निवासियों की नींद में खलल डाल दिया। आग का धुआं भरने से टावर नंबर पांच और छह के निवासियों को बेचैनी होने लगी। वे अपने फ्लैटों से बाहर निकल आए। देखा कि आग बेसमेंट की ओर बढ़ रही है तो तुरंत फायर ब्रिगेड को सूचना दी गई।



दमकलकर्मियों ने आग को बुझाया, इसके बाद लोगों ने राहत की सांस ली। थाना ताजगंज क्षेत्र में डबल ट्री बाई हिल्टन होटल के निकट शंकर ग्रीन सोसायटी स्थित है। सोसायटी के बराबर में प्लाट है। जहां पर लोग कूड़ा डालते हैं। रात को कूड़े में आग लग गई। इससे अपार्टमेंट के टावर नंबर पांच और छह में धुआं भर गया। धुएं के चलते लिफ्ट बंद करनी पड़ी। लोग अपने फ्लैटों से बाहर भागे और आग बुझाने का प्रयास किया। आग बेसमेंट एक और दो की ओर बढ़ रही थी, जहां अनेक वाहन खड़े थे। सूचना पर पहुंची दमकल की गाड़ियों ने आग पर काबू पाया।

# मायके जाने की कह कर गायब हुई पत्नी

आगरा एनएनआई। पत्नी की तलाश में पति भटक रहा है। उसने बताया कि रिश्तेदारियों में भी उसकी तलाश की, लेकिन कोई पता नहीं चल सका।

मामला शमशाबाद के एक ग्राम का है। गांव की निवासी उमा भारती घर से मायके की कह कर गई थी। 7 साल के बच्चे को भी छोड़ गई है, कह रही थी कि दो-चार दिन में वापस आ जाएगी, लेकिन वो घर वापस नहीं आई। पति ने थाने में तहरीर देते हुए कहा है कि पत्नी चार लाख रुपये और गहने लेकर गई है। जब काफी दिनों तक वापस नहीं आई तो ससुराल में संपर्क किया। ससुराल वालों ने बताया की बेटी यहां पर नहीं आई है। इसके बाद रिश्तेदारियों में संभावित जगहों पर खोजबीन की। लेकिन उसका पता नहीं चल सका। उसका मोबाइल भी स्विच ऑफ जा रहा है। घटना की शिकायत महिला के पति ब्रह्मचारी ने थाना शमशाबाद में की है।

# 80 वर्षीय बुजुर्ग ने की आत्महत्या, पेड़ पर लटका मिला शव

एनएनआई

आगरा। कस्बा फतेहाबाद में शराब पीने के आदी एक बुजुर्ग ने पेड़ से लटककर आत्महत्या कर ली। घटना से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है।

कस्बा फतेहाबाद के मोहल्ला राजपूत निवासी अमर सिंह (80) चिनाई मिस्त्री का काम करते थे। और शराब पीने की लत के कारण परिवार में अक्सर विवाद होता रहता था। रविवार सुबह वे घर से निकले और देर तक वापस नहीं लौटे। बताया गया कि शराब पीने के बाद वे फतेहाबाद रेलवे स्टेशन पार कर गढ़ी उदयराज के पास स्थित पुराने ईंट भट्ठे की जगह पर पहुंचे, जहां पापड़ी के पेड़ से गमछे का फंदा बनाकर लटक गए। राहगीरों ने उन्हें पेड़ से लटका देख तत्काल 112 पर सूचना दी।

सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और आसपास के लोग भी एकत्र हो गए। मृतक की पहचान अमर सिंह के



रूप में हुई। पुलिस ने परिजन को सूचना दी तो बेटा श्रीभगवान मौके पर पहुंचा। उसने पुलिस को बताया कि पिता शराब के आदी थे, समझाने पर भी नहीं मानते थे, इस पर घर में झगड़ा होता था। सुबह घर से निकले थे और कुछ देर बाद ही उनके फांसी लगाने की सूचना मिली। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। घटना से परिवार में कोहराम मचा हुआ है।


## वैधानिक सूचना

सुधि पाठकों से आग्रह है कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन में दिए गये तथ्यों, शर्तों और दावों के प्रति विज्ञापन दाता खुद ही जिम्मेदार है, पाठकों से आग्रह है कि वह प्रकाशित विज्ञापन से प्रभावित होकर कोई कदम उठाने से पहले अपने स्तर पर भी स्वयं के संतुष्ट होने तक संपूर्ण व्यावहानिक जानकारी कर लें। किसी भी विज्ञापन से पाठकगण को कोई असुविधा या परेशानी होती है तो न्यूज नेक्स्ट इंडिया के मुद्रक, प्रकाशक या संपादक की कोई जवाबदेही नहीं होगी।

- प्रबंधक विज्ञापन

समाचार पत्र में छपे किसी भी लेख के लिए प्रधान संपादक उत्तरदायी नहीं है। प्रकाशित विभिन्न रचनाओं के लिए लेखक स्वयं उत्तरदायी है। समाचार पत्र में प्रकाशित सामिग्री / विज्ञापन आदि से प्रधान संपादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है। किसी भी प्रकार के विवाद की स्थिति में न्याय क्षेत्र सिर्फ आगरा होगा।


# आगरा में आज मुख्यमंत्री योगी की बैठक, एसआईआर पर होगी समीक्षा

एनएनआई

आगरा। सरकार और संगठन के बीच समन्वय के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सोमवार को आयुक्त सभागार में बैठक लेंगे। इस बैठक में आगरा मंडल के भाजपा पदाधिकारी और अधिकारी मौजूद रहेंगे। बैठक में मुख्यमंत्री विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान की समीक्षा भी करेंगे। रविवार को पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी बैठक की तैयारियों में लगे रहे।

एसआईआर को लेकर प्रशासन पूरी ताकत लगा रहा है। वहीं भाजपा भी अपने बूथ लेबल एजेंट और संयोजकों के माध्यम से घर-घर घंटी बजा रही है। शुक्रवार को प्रदेश महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह ने समीक्षा कर पदाधिकारियों को कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए थे। अब सोमवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ यहां आ रहे हैं। समन्वय



बैठक में वे अन्य विषयों के साथ ही एसआईआर पर गहनता से समीक्षा करेंगे। इसके साथ ही विकास कार्यों में जनप्रतिनिधियों से फीडबैक भी लेंगे। खेरिया एयरपोर्ट पर वे 3.10 बजे पहुंच जाएंगे। यहां से सीधे मुख्यमंत्री आयुक्त सभागार पहुंचेंगे। 4.30 बजे तक बैठक करने के बाद वे वापस खेरिया एयरपोर्ट जाएंगे और यहां से लखनऊ के लिए रवाना हो जाएंगे। मुख्यमत्री की बैठक में आगरा के साथ ही मथुरा, फिरोजाबाद और मैनपुरी के प्रशासनिक व पुलिस अधिकारियों के साथ ही चारों जिले के अध्यक्ष, संयोजक और जनप्रतिनिधि भी शामिल रहेंगे। बैठक में शामिल होने पर्यटन और संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह और गन्ना विकास एवं चीनी मिल मंत्री चौ. लक्ष्मी नरायण भी आएंगे। रविवार को मंडलायुक्त शैलेंद्र सिंह, पुलिस आयुक्त दीपक कुमार, डीएम अरविंद मल्लप्पा बंगारी व अन्य अधिकारियों ने रविवार को तैयारियों का जायजा भी लिया।

# सूदखोरों से परेशान खुद को गोली मारने वाले फाइनेंस कर्मी की मौत

एनएनआई

आगरा। ट्रांस यमुना थाना क्षेत्र के शाहदरा के पास बुधवार शाम सर्विस रोड पर अपनी कनपटी पर तमंचे से गोली मारने वाले युवक की रविवार को इलाज के दौरान मौत हो गई। चार दिन पहले युवक ने अपने भाई को लोकेशन भेजकर खुदकुशी की थी, लेकिन उस समय वह बच गया था। गोली उसके सिर में फंसी रह गई थी। डॉक्टरों की कोशिश के बावजूद उसकी जान नहीं बच पाई।

तीन दिसंबर की शाम यमुना ब्रिजघाट निवासी राहुल राठौर (संजय प्लेस स्थित एक फाइनेंस कंपनी का कर्मचारी) ने खुद को गोली मार ली थी। उसके पिता कुंवरपाल सिंह की रामबाग चौराहे के पास पेटीज की दुकान है। राहुल दुकान से निकलने के बाद अपने भाई को मैसेज भेजा था, जिसमें लिखा था कि वह आत्महत्या कर रहा है। साथ ही अपनी लोकेशन भी शेयर की थी। इसके बाद उसने



कनपटी पर तमंचा रखकर गोली चला ली थी। परिजन उसे नर्सिंग होम ले गए, जहां चार दिन से उसका इलाज चल रहा था। रविवार को उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है। परिजनों का आरोप है कि राहुल कुछ सूदखोरों के चंगुल में फंस गया था, जिससे मानसिक रूप से परेशान चल रहा था। हालांकि अभी तक परिजनों ने कोई तहरीर नहीं दी है और न ही कोई सुसाइड नोट मिला है। पिता कुमरपाल सिंह ने बताया था कि 11 फरवरी को राहुल की शादी थी।डीसीपी सिटी सैयद अली अब्बास ने बताया कि तहरीर मिलने पर मामले में जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

हर खबर पर पक्की नजर
मूल्यों और आदर्शों के कर्म पथ पर जनहित की आवाज
दैनिक हिन्दी समाचार पत्र
न्यूज नेक्स्ट इण्डिया
आगरा
www.nnindianews.com
सोमवार, 08 दिसम्बर, 2025


# डीएम ने परखी एसआईआर की प्रगति

एनएनआई



**आगरा।** जिलाधिकारी/ जिला निर्वाचन अधिकारी अरविंद मल्लप्पा बंगारी ने एसआईआर के अंतर्गत चलाए गए विशेष अभियान में निरीक्षण किया। उपस्थिति बीएलओ, सुपरवाइजर, नोडल अधिकारी आदि से गणना पत्र संकलन, उनके डिजिटाइजेशन की जानकारी ली। उपस्थिति मतदाताओं से संवाद किया। सभी मतदाताओं से गणना पत्र भरकर तत्काल अपने बीएलओ को जमा करने की अपील की, मतदाताओं ने भी जिलाधिकारी से सहजता से संवाद किया और पूर्ण सक्रिय सहयोग की बात की। विशेष अभियान में बड़ी संख्या में मतदाता अपना गणना पत्र जमा कराने उपस्थित मिले। जिलाधिकारी ने कुल गणना पत्र का वितरण, संकलन तथा डिजिटाइजेशन की जानकारी ली तथा बीएलओ, सुपरवाइजर व नोडल अधिकारी को डोर टू डोर संपर्क करने, अलाउंस कराने तथा सभी संकलित गणना पत्रों को डिजिटाइजेशन सेंटर पर डिजिटाइज सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। शहरी विधानसभाओं के विभिन्न बूथों का निरीक्षण कर सभी मतदाताओं से अपील की कि वे अपना गणना पत्र भर कर बीएलओ को वापस कर दें जिससे कि उनका नाम मतदाता सूची ड्राफ्ट में शामिल हो सके।

# केंद्रीय मंत्री ने मंडलीय खादी ग्रामोद्योग प्रदर्शनी का किया शुभारंभ

एनएनआई

**आगरा।** जनपद में उत्तर प्रदेश खादी और ग्रामोद्योग द्वारा आयोजित मंडलीय खादी ग्रामोद्योग प्रदर्शनी का आयोजन बलकेश्वर पार्क मैदान पर किया जा रहा है। दस दिवसीय खादी ग्रामोध्योग प्रदर्शनी का शुभारम्भ केंद्रीय राज्यमंत्री प्रोफेसर एसपी सिंह बघेल द्वारा फीता काटकर किया गया। इस प्रदर्शनी में खादी ग्रामोध्योग और एक जनपद -एक उत्पाद के तहत उत्तर प्रदेश,उत्तराखंड और कश्मीर से लाये गए खादी के बने हैंडमेड कोट, हाफ जैकेट, साड़ी, बेडशीट समेत अनेक क्राफ्ट के उत्पादों सहित ऊनी वस्त्र,फिरोजाबाद से खादी के कपडे,भदोही की कालीन,राजस्थान का अचार, कानपुर की सुगन्धित अगरबत्ती और कपडे के बैग,बागपत की चादर,हाथरस की हींग सहित विभिन्न जिलों के उत्पादों 100 अधिक स्टालों पर




प्रदर्शित किया जा रहा है। केंद्रीय राज्य मंत्री प्रोफेसर एसपी सिंह बघेल द्वारा प्रदर्शनी में लगाई गई सभी स्टालों का अवलोकन भी किया। इस दौरान राकेश गर्ग ,पार्षद पूजा बंसल, पार्षद मुरारी लाल, निवर्तमान मंडल अध्यक्ष गिर्राज बंसल, नवीन गौतम, संजय शर्मा, टाटा भाई विश्वनाथ भारद्वाज, एकता जैन, रिनेश मित्तल आदि उपस्थित रहे।

# मेयर के भतीजे पर नगर निगम अधिकारी के साथ मारपीट का आरोप

एनएनआई

**आगरा।** सदर बाजार स्थित एकलव्य स्टेडियम में आयोजित कार्यक्रम के दौरान रविवार ऐसा घटनाक्रम हुआ कि नगर निगम के अधिकारी सन्न रह गए। मेयर हेमलता दिवाकर कुशवाह के भतीजे हर्ष दिवाकर ने सहायक नगर आयुक्त अशोक प्रिय गौतम पर न सिर्फ गाली-गलौज और हाथापाई की, बल्कि नगर आयुक्त तक को पीटने की खुलेआम धमकी दे डाली। पब्लिक प्लेस में हुई इस शर्मनाक घटना ने पूरे निगम तंत्र को हिलाकर रख दिया है।

कार्यक्रम में मेयर हेमलता दिवाकर कुशवाह भी गेस्ट के रूप में मौजूद थीं इसी दौरान मेयर के साथ मौजूद उनके भतीजे हर्ष दिवाकर ने जैसे ही सहायक नगर आयुक्त को देखा, अपना आपा खो दिया।

अशोकप्रिय गौतम द्वारा वरिष्ठ अधिकारियों को दी गई जानकारी के अनुसार हर्ष ने अशोक प्रिय गौतम को देखते ही गाली-गलौज शुरू कर दी। जब अफसर ने आपत्ति जताई तो हर्ष ने और उग्र हो गए इसके बाद दोनों के बीच तीखी बहस शुरू हो गई और मामला हाथापाई तक पहुंच गया। सहायक नगर आयुक्त अशोक प्रिय गौतम ने वरिष्ठ अधिकारियों को दी जानकारी में कहा है कि हर्ष ने उसे धक्का दिया, हाथ उठाया और खुलेआम धमकियां दीं। वह यह भी बताते हैं कि समूची घटना सबके सामने हुई और मेयर भी उस समय स्टेडियम में मौजूद थीं। हाथापाई बढ़ने पर आसपास मौजूद लोगों ने बीच-बचाव कर हर्ष को रोका, तब कहीं जाकर स्थिति काबू में आई। हर्ष दिवाकर विवादों के लिए पहले भी सुर्खियों में रहे हैं।

नगर निगम में निर्माण कार्यों की फाइलें क्लीयर न होने पर हर्ष ० कार्यकारिणी समिति की बैठक में घुसकर हंगामा किया था, जिसके बाद मेयर ने उसे बैठक कक्ष से बाहर कर दिया था। उस वक्त भी पार्षदों ने पूछा था कि हर्ष किस अधिकार से बैठक में घुसा मेयर हेमलता दिवाकर कुशवाह का कहना है कि अशोक प्रिय गौतम कार्यक्रम के दौरान मेरे साथ रहे, उन्होंने मेरे साथ स्टेडियम का दौरा किया है। मुझे ऐसी किसी घटना की जानकारी नहीं है नगर आयुक्त अंकित अंडेवाल का कहना है-ये मामला मेरे संज्ञान में आया है। नगर निगम के किसी अधिकारी या कर्मचारी के साथ अगर किसी के साथ ऐसी घटना होगी बर्दास्त नहीं होगी।

# छात्रों के करियर को नई दिशा देने स्टालवार्ट का नया इंस्टीट्यूट शुरू

## 50 से अधिक छात्रों की क्षमता वाला सेल्फ-स्टडी सेंटर बनेगा आकर्षण का केंद्र

**आगरा (एनएनआई)।** देश के प्रमुख टेस्ट-प्रेप संस्थानों में शुमार इंदौर स्थित स्टालवार्ट ने आगरा के देवनगर, खंदारी क्षेत्र में अपने नए इंस्टीट्यूट की शुरूआत की। उद्घाटन मुख्य अतिथि महापौर हेमलता दिवाकर ने फीता काटकर संस्थान का किया।

इस अवसर पर महापौर हेमलता दिवाकर ने कहा स्टालवार्ट जैसे प्रतिष्ठित संस्थान का आगरा में आगमन शहर के युवाओं के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है। आज के प्रतिस्पर्धी दौर में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और मार्गदर्शन अत्यंत आवश्यक है। मुझे प्रसन्नता है कि यह संस्थान कम शुल्क में उच्च गुणवत्ता वाली कोचिंग उपलब्ध कराकर समाज के सभी वर्गों के छात्रों को आगे बढ़ने का अवसर प्रदान करेगा। मेरा विश्वास है कि यहाँ से पढ़ने वाले छात्र राष्ट्रीय स्तर की परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करेंगे और आगरा का नाम रोशन करेंगे।

कार्यक्रम के दौरान स्टालवार्ट संस्थान आगरा



एवं अर्बनट्रैक्ट एजुकेशन के निदेशक देवांश भट्ट ने कहा कि संस्थान का मुख्य उद्देश्य कम शुल्क में गुणवत्तापूर्ण और सुलभ शिक्षा को समाज के हर वर्ग तक पहुँचाना है।

संस्थान के वरिष्ठ सदस्य देवाशीष शर्मा ने बताया कि नए केंद्र में स्थापित सेल्फ-स्टडी सेंटर में एक साथ 50 से अधिक छात्र अध्ययन कर सकेंगे, जो छात्रों के लिए एक प्रमुख आकर्षण होगा। यह सुविधा छात्रों को बेहतर ध्यान, अनुशासन और निरंतर सीखने के वातावरण के साथ पढ़ने में मदद करेगी।

उद्घाटन समारोह में विभिन्न संस्थाओं और संगठनों से जुड़े अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे, जिनमें इनक्रेडिबल इंडिया फाउंडेशन के अध्यक्ष मधुसूदन भट्ट, महासचिव अजय शर्मा, कन्वीनर बृजेश शर्मा, राष्ट्र सेविका समिति की मीनाक्षी ऋषि, एडवोकेट अमिता, करण पाराशर, खुशी सारस्वत, रामप्रकाश शर्मा, रजत शर्मा, भारत रतन, मेंका सहित कई विशिष्ट अतिथि शामिल रहे। स्टालवार्ट आगरा केंद्र में अब MBA प्रवेश परीक्षा की तैयारी तथा बैंकिंग परीक्षाओं के लिए विशेष कोचिंग कक्षाएँ संचालित की जाएँगी। संस्थान का उद्देश्य आगरा और आसपास के क्षेत्रों के युवाओं को करियर के लिए नई ऊँचाइयाँ प्रदान करना है।

# जीवनदायिनी साबित हो रही स्वास्थ्य विभाग की फ्री एम्बुलेंस सेवा

- गरीबों और जरूरतमंदों को बड़ी राहत, निजी एम्बुलेंस के भारी खर्च से मिली मुक्ति

एनएनआई

**आगरा।** उत्तर प्रदेश की फ्री एम्बुलेंस सेवा, जो विशेष रूप से ग्रामीण और जरूरतमंद क्षेत्रों में जीवनदायिनी साबित हुई है। आगरा मंडल में पिछले छह माह में इस सेवा ने लोगों की जिंदगी बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इस अवधि में 5.12 लाख से अधिक लोगों को समय पर चिकित्सा सहायता सुनिश्चित हुई है। आगरा में 108 एम्बुलेंस सेवा की 35 और 102 सेवा की 44 एम्बुलेंस यानी कुल 79 एम्बुलेंस का



मजबूत बेड़ा लगातार सेवा में है। इन एम्बुलेंस के कारण आपातकाल में प्रतिक्रिया देने का समय (रिस्पांस टाइम) कम हुआ है, जिससे कई गंभीर मामलों में समय रहते मरीजों को अस्पताल पहुँचाकर बहुमूल्य जिंदगियां बचाई गई हैं। अपर निदेशक स्वास्थ्य/ मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अरुण श्रीवास्तव ने बताया कि उत्तर प्रदेश सरकार स्वास्थ्य सेवाओं को प्राथमिकता दे रही है। पुरानी हो चुकी एम्बुलेंस की जगह नई एम्बुलेंस सेवा में लगाई गई हैं, जो सभी जीपीएस से लैस हैं। आधुनिक तकनीक के समावेश से हमारी सेवा की गति और पारदर्शिता बढ़ी है। हमारा लक्ष्य यह सुनिश्चित करना है कि ग्रामीण या शहरी, हर जरूरतमंद को तत्काल चिकित्सा सहायता मिले। फ्री एम्बुलेंस सेवा गरीब और जरूरतमंदों के लिए बड़ी राहत बनकर उभरी है, क्योंकि निजी एम्बुलेंस का भारी खर्च उठाना उनके लिए मुश्किल होता था।

# नंद के आनंद भयो जय कन्हैया लाल की...

- श्रीराम अवतरण से श्रीकृष्ण जन्म तक का दिव्य प्रसंग

एनएनआई



**आगरा।** कावेरी कौस्तुभ, भावना एस्टेट में आयोजित सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा के चतुर्थ दिवस का आयोजन अत्यंत भक्तिमय वातावरण में सम्पन्न हुआ। कथा स्थल पर श्रद्धालुओं की विशाल उपस्थिति के बीच भागवत रत्न से अलंकृत मोहित स्वरूप आचार्य (वृंदावन) ने श्रीराम अवतरण के पावन प्रसंग के उपरांत श्रीकृष्ण जन्म का भव्य वर्णन किया। कथा के दौरान आचार्य ने बताया कि जब-जब धरती पर अधर्म बढ़ा, तब-तब प्रभु ने अवतार लेकर धर्म की स्थापना की। मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम के बाद द्वापर युग में योगेश्वर श्रीकृष्ण का अवतरण सम्पूर्ण मानवता के कल्याण हेतु हुआ। उन्होंने अवतार के महत्व को समझाते हुए कहा कि प्रभु का जन्म केवल चमत्कार नहीं, बल्कि मानव जीवन को दिशा देने वाला दिव्य संदेश है। उन्होंने आगे कहा कि नंद बाबा के आंगन में आनंद केवल एक उत्सव नहीं था, वह ईश्वर के पृथ्वी पर प्रकट होने का उत्सव था। जब प्रभु जन्म लेते हैं तो केवल देवता नहीं, बल्कि प्रकृति, पशु-पक्षी और समस्त सृष्टि आनंदित हो जाती है। नंदोत्सव हमें सिखाता है कि प्रभु का स्वागत उल्लास, प्रेम और सामूहिक आनंद से करना चाहिए। आचार्य ने अवतार के महत्व को स्पष्ट करते हुए कहा कि अवतार का उद्देश्य चमत्कार दिखाना नहीं, बल्कि मानव जीवन को धर्म, कर्म और भक्ति के मार्ग पर ले जाना है। जो व्यक्ति श्रीकृष्ण के नाम का स्मरण करता है, उसके जीवन में कभी अंधकार नहीं रह सकता। जैसे ही श्रीकृष्ण जन्म का उल्लासमय प्रसंग आरंभ हुआ, पूरा पंडाल नंद के आनंद भयो, जय कन्हैया लाल की के जयकारों से गूंज उठा। श्रद्धालु भाव-विभोर होकर झूमने लगे। इसके पश्चात भव्य नंदोत्सव का आयोजन किया गया, जिसमें श्रद्धालुओं ने एक-दूसरे को बधाई दी, भजन-कीर्तन हुआ और वातावरण आनंदमय हो गया। नंदोत्सव के दौरान फूलों की होली भी खेली गई, जिसमें गुलाब और अन्य पुष्पों की वर्षा से पूरा परिसर सुगंधित और भक्तिमय हो उठा।

## सारस्वत संगम पत्रिका पंचम सोपान का हुआ विमोचन

- सारस्वत ब्राह्मण महासभा,आगरा का भव्य वृद्धजन एवं प्रतिभा सम्मान समारोह 25 सम्पन्न

एनएनआई



**आगरा।** सारस्वत ब्राह्मण महासभा, आगरा द्वारा श्री भगवान जूनियर हाई स्कूल, महर्षि पुरम में आयोजित वृद्धजन एवं प्रतिभा सम्मान समारोह-25 तथा 'सारस्वत संगम' पत्रिकाञ्पंचम सोपान के विमोचन कार्यक्रम का भव्य आयोजन सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ब्रिगेडियर सी. पी.चूड़ामणि ने समाज के वरिष्ठजनों एवं मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित करते हुए शिक्षा,संस्कार और सामाजिक एकता पर महत्वपूर्ण विचार व्यक्त किए।

विशिष्ट अतिथि विजय कृष्ण सारस्वत ने पत्रिका विमोचन के दौरान 'सारस्वत संगम' को समाज में सकारात्मक परिवर्तन एवं सांस्कृतिक मजबूती का प्रभावी माध्यम बताया। समारोह की अध्यक्षता यतेन्द्र सारस्वत ने की। उन्होंने महासभा के उद्देश्यों,परंपराओं और समाज निर्माण में सक्रिय भागीदारी की आवश्यकता पर जोर दिया। अतिथि के रूप में राम शंकर सारस्वत (अध्यक्ष-हाथरस) तथा सुरेश फौजी (अध्यक्ष-रीढ़ा,बल्देव) विशिष्ट रूप से उपस्थित रहे।

महामंत्री सत्य प्रकाश सारस्वत एवं कोषाध्यक्ष मनीष रावत कहा कि सारस्वत संगम पत्रिका नई पीढ़ी को संस्कारित करने,प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने और समाज में ज्ञान-विस्तार का सशक्त माध्यम है। इस अवसर पर डॉ. विनोद सारस्वत (संस्थापक अध्यक्ष), सुरेश सारस्वत, रमाशंकर सारस्वत (अध्यक्ष-हाथरस), भंवर सिंह, शंभू दयाल सारस्वत, कुलदीप सारस्वत, प्रेम शंकर सारस्वत, आर.पी.शर्मा (टूंडला), अशोक सारस्वत (टूंडला), रामेश्वर प्रसाद सारस्वत (फिरोजाबाद), महेश सारस्वत, तरुण सारस्वत, नरेश कुमार, अमित सारस्वत, दीपक सारस्वत,संजीव सारस्वत, राधेश्याम सारस्वत, डॉ. डी.एन. सारस्वत, राकेश सारस्वत, सुशील सारस्वत, नवनीत, अरविंद, नंद कुमार सहित अनेक गणमान्य सदस्यों ने विचार व्यक्त किए।

# कल शिर्डी से आगरा पहुंचेंगी साईं बाबा की चरण पादुका

- 9 और 10 दिसंबर को दो दिवसीय दिव्य दर्शन का होगा शुभारंभ, भक्तों में उल्लास

एनएनआई



**आगरा।** साईं भक्तों के लिए एक अत्यंत शुभ और आनंददायक समाचार है। शिर्डी से श्री साईं बाबा की पावन चरण पादुकाएं आगरा पहुंचेंगी। श्री साईं चरण पादुका समिति 2025 के तत्वावधान में आयोजित इस दिव्य आयोजन के अंतर्गत आगरा में दो दिनों तक भक्तों को साईं चरणों के दुर्लभ दर्शन का पुण्य लाभ प्राप्त होगा। समिति के संयोजक अशोक रैना एवं अध्यक्ष नितिन कोहली ने बताया कि चरण पादुकाएं शिर्डी से यात्रा प्रारंभ कर कुरुक्षेत्र होते हुए मंगलवार को आगरा पहुंचेंगी। आगमन के पश्चात यमुना एक्सप्रेसवे के अंतिम टोल से भव्य स्वागत यात्रा निकाली जाएगी, जो वॉटर वर्क्स, बल्केश्वर चौराहा एवं साईं धाम मंदिर, कमला नगर से होती हुई प्रतापपुरा स्थित द रमाना ग्रांड पहुंचेगी, जहां विधिविधान से स्थापना कर दर्शन प्रारंभ कराए जाएंगे। स्वागत अध्यक्ष राजेश गोयल एवं महामंत्री संजय सत्यदेव ने बताया कि दिनभर चरण पादुका दर्शन के साथ भंडारा का आयोजन होगा। रात्रि में भव्य साईं भजन संध्या आयोजित की जाएगी, जिसमें प्रसिद्ध भजन गायिका निधि कोहली सहित देश के अन्य ख्यातिप्राप्त भजन गायक अपनी प्रस्तुतियां देंगे। उपाध्यक्ष लटूरी सिंह एवं महिला विंग अध्यक्ष दीपा गुरनानी ने जानकारी दी कि अगले दिन बुधवार को प्रातः 7 बजे मंगला आरती होगी तथा सुबह 7:30 बजे से दोपहर 1 बजे तक श्रद्धालुओं को दर्शन का लाभ मिलेगा।

## ब्राह्मणों के संगठित होने से ही बचेगी भारतीय संस्कृतिः पं. बी.डी. शर्मा

- भगवान परशुराम जन्मोत्सव पर अवकाश, विप्र कल्याण आयोग के गठन एवं रुनकता को पर्यटन स्थल घोषित करने की उठी पुरजोर माँग

एनएनआई



**आगरा।** अखिल भारतवर्षीय ब्राह्मण महासभा (रजि.) एवं ब्राह्मण प्रोफेशनल एसोसिएशन के संयुक्त तत्वावधान में अखिल भारतवर्षीय ब्राह्मण महासभा की राष्ट्रीय कार्यसमिति की बैठक का आयोजन रविवार को संजय प्लेस स्थित होटल पीएल पैलेस में किया गया। आगरा, मथुरा, फिरोजाबाद, गोरखपुर, लखनऊ, बरेली, रामपुर, गाजियाबाद, दिल्ली, बिहार, चंडीगढ़ और बिजनौर से आए विप्र बंधुओं ने एकजुटता का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का शुभारम्भ माँ सरस्वती, भगवान परशुराम एवं महामना पं० मदन मोहन मालवीय के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं कार्यक्रम अध्यक्ष पं. बी०डी० शर्मा, राष्ट्रीय सचिव पं. मुनीश चन्द शर्मा, प्रदेश अध्यक्ष पं. त्रिभुवन शर्मा, संरक्षक पं. महेश शर्मा, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष पं. सुरेन्द्र पाण्डेय, राष्ट्रीय संरक्षक राजपाल शर्मा और ब्राह्मण प्रोफेशनल एसोसिएशन के सचिव डॉ. पंकज नगाइच द्वारा किया गया। मंगलाचरण एवं स्वस्तिवाचन पूनम वार्ष्णेय द्वारा किया गया। स्वागत गीत कल्पना शर्मा एवं आरती शर्मा द्वारा प्रस्तुत किया गया। बैठक में भगवान परशुराम जन्मोत्सव पर अवकाश, विप्र कल्याण आयोग के गठन एवं रुनकता को पर्यटन स्थल घोषित करने की पुरजोर माँग उठाई गई। इस अवसर पर राष्ट्रीय अध्यक्ष पं. बी.डी. शर्मा ने कहा कि ब्राह्मण ही भारत की वैदिक सनातन संस्कृति का ध्वजवाहक है। ब्राह्मणों के बिना भारतीय संस्कृति की कल्पना नहीं की जा सकती। ऐसी स्थिति में जो लोग ब्राह्मणों पर अनर्गल आरोप लगाते हैं, वे देश को कमजोर करने की साजिश का हिस्सा हैं। इसलिए ब्राह्मणों को संगठित होकर भारतीय संस्कृति को बचाना है, तभी राष्ट्र की उन्नति हो सकेगी। इस अवसर पर अतिथियों का स्वागत करते हुए प्रदेश अध्यक्ष पं. त्रिभुवन शर्मा ने कहा कि लोकतंत्र में देश के प्रत्येक नागरिक को समान अवसर मिलने की गारण्टी होती है, लेकिन सबसे बड़े लोकतंत्र का दावा करने वाले भारत के नेता ब्राह्मणों सहित सभी सवर्णों के साथ घोर भेदभाव करते हैं। शिक्षा, न्याय, राजनीति, रोजगार, प्रमोशन किसी में भी ब्राह्मणों को समान अवसर प्राप्त नहीं हैं।

## विधायक खेल स्पर्धा में खिलाड़ियों ने दिखाई प्रतिभा

**आगरा (एनएनआई)।** डॉ भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय के नेताजी सुभाष चंद्र बोस छलेसर परिसर स्थित मेजर ध्यानचंद स्टेडियम में कुलपति प्रो आशु रानी के संरक्षण में चल रहे पंच दिवसीय प्रथम विधायक खेल स्पर्धा, एत्मादपुर 5 से 9 दिसंबर का 11 स्पधाओं के मुकाबले खेले गए। केंद्रीय मंत्री एस.पी. सिंह बघेल द्वारा छलेसर कैम्पस के मुख्य मंच पर बॉडी बिल्डिंग प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया। अपने उद्बोधन में मंत्री ने एत्मादपुर विधान सभा के प्रथम विधायक खेल स्पर्धा की सराहना करते हुए अपनी शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम संचालन एवं व्यवस्थाओं में आर.एस.ओ संजय शर्मा, खेलकूद विभाग निदेशक डॉ अखिलेश चंद्र सक्सेना, डॉ रामनिवास मुद्गल, मनवीर सिंह चौहान, वरुण कुमार, दिनेश चंद, हरीशंकर, डॉ महेश फौजदार, डॉ रीनेश मित्तल, पंकज शर्मा, पंकज कश्यप, राम प्रकाश यादव, गोविंद सिंह, ललित पाराशर, मनोज मुद्गल, रवि प्रकाश, भोला राम, शिखा झिगरान, पवन सिंह, भानु प्रताप सिंह, कविता झिगरान, शशी प्रभा कर्दम, दीपा अग्रवाल, डॉ. सिंधुजा चौहान, डॉ नरेंद्र पाल सिंह, डॉ रवि शंकर वर्मा, स्वदेश बघेल, डॉ उरदेव सिंह तोमर, आदि का अहम योगदान रहा।



# हेल्थ इज वेल्थ डे के रूप मे यूरो किड्स में मनाया वार्षिक खेल उत्सव

एनएनआई



**आगरा।** प्रसिद्ध प्ले ग्रुप चेन यूरोकिडस की आगरा में विगत 21 वर्षों से कार्यरत कमला नगर व सूर्य नगर शाखाओं ने अपना वार्षिक खेल उत्सव "हेल्थ इज वेल्थ डे" संयुक्त रूप से कमला नगर स्थित जनक पार्क में आयोजित किया। शुभारंभ बच्चों द्वारा टॉर्च रिले के साथ हुआ, जिसके बाद बच्चे विभिन्न प्रकार की गतिविधियों में हिस्सा लेते हुए दिखाई दिए।

पिक द कलर रेस में बच्चे अलग अलग रंगों के प्रॉप ले कर रेस पूरा करते नजर आए, कभी ट्रैक पर कहानी और कविता को प्रदर्शित करती हुई, ग्रीडी डॉग, लकड़ी की काठी व हंप्टी डंपटी रेस ले कर आए। फेस्टिवल ऑफ इंडिया में भारत के विभिन्न त्यौहारों का प्रदर्शन हुआ, बैलेंस द बॉल, गारलैंड रेस, यूरोफिट रेस, आदि रेस में अभिभावक अपने बच्चों का हौसला बढ़ाते हुए नजर आए। म्यूजिकल ड्रिल में बच्चों ने बहुत ही खूबसूरत प्रदर्शन कर अभिवावकों को तालियां बजाने पर विवश कर दिया। यूरोकिडस में अभिवावकों को भी अपना बचपन फिर से जीने का अवसर प्रदान किया जाता हैं इसलिए उनके लिए भी अलग अलग गतिविधियों का आयोजन किया जाता है, जिसमें अभिवावकों ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया।

मदर्स के लिए ज़ुंबा एक्टिविटी का आयोजन पारुल फिटनेस सेंटर की संचालिका पारुल अग्रवाल के सहयोग से किया गया। कार्यक्रम के अंत में सब बच्चो को सर्टिफिकेट व मेडल प्रदान किए गए। कार्यक्रम का संचालन निधि परिहार अनन्या गुप्ता ने किया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप मे, श्री के पी सिंह (भूतपूर्व वाइस प्रेसिडेंट ऑफ नेशनल फेडरेशन), कुसुम तोमर, प्रदीप तोमर (रीजनल डायरेक्टर अमेरिकन इंस्टीट्यूट) वैन्गव शमी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के अंत में दोनों शाखाओं की संचालिकाओं सविता तोमर व सीमा तोमर ने उपस्थित सभी अभिवावकों व अतिथियों को कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए धन्यवाद व बच्चों के उज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम को सफल बनाने में गीतिका, पूजा, शालिनी, संजना, अनुभा, रोमा, शिवानी, सेजल, कोशिकी, श्रुति योगिता, पायल, प्रिया, साक्षी, इल्मा, रिचा, नव्या, सुरभि करिश्मा, ईशप्रीत, रिंकी, हिमानी, रिद्धि, शिवांगी आदि ने सराहनीय योगदान दिया।



# एचपीजेएस के 46वें वार्षिकोत्सव में दिखीं आधुनिकता और परंपराएं

एनएनआई

**आगरा।** देहली गेट स्थित हॉली पब्लिक जूनियर स्कूल में 46वां वार्षिकोत्सव अत्यंत उत्साहपूर्ण और सांस्कृतिक वातावरण में मनाया गया। इस वर्ष का थीम भारत बाई एचपीजेएस रहा, जिसके माध्यम से भारत की संस्कृति, विविधता, परंपराएँ और आधुनिकता को बच्चों ने सुंदर प्रस्तुतियों के माध्यम से दर्शाया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय रहे। विद्यालय की चेयरपर्सन रोहिणी ने मुख्य अतिथि, सभी अभिभावकों और टीम को धन्यवाद दिया। उन्होंने विद्यालय के विजन और बच्चों को मूल्य-आधारित शिक्षा देने के उद्देश्य को रेखांकित किया। प्रधानाचार्या सुप्रीया जैन ने वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया, जिसमें पूरे वर्ष की शैक्षणिक उपलब्धियों, सह-शैक्षणिक कार्यक्रमों, कार्यशालाओं, खेल प्रतियोगिताओं और विकासात्मक गतिविधियों की जानकारी दी। विद्यालय के प्रशासनिक प्रतिनिधि आराध्य तोमर ने मंच से बच्चों की मेहनत, शिक्षकों के सहयोग और विद्यालय परिवार के योगदान की सराहना की।

# संगीतमय श्री चंद्रप्रभ महामंडल विधान सम्पन्न

एनएनआई



**आगरा।** श्री चंद्रप्रभु दिगंबर जैन मंदिर ट्रांसयमुना कॉलोनी में श्री चंद्रप्रभ भगवान का जन्म कल्याणक महोत्सव के पूर्व गायक विवेक जैन द्वारा श्री चंद्रप्रभ विधान सानंद संपन्न किया गया। विधान उपरांत मंदिर समिति द्वारा आगामी रथोत्सव के पात्रों का चयन किया गया। जिसमें सौधर्म इंद्र बनने का सौभाग्य देवेन्द्र जैन को मिला। महेंद्र इंद्र मुकेश जैन, ईशान इंद्र कमल जैन,सारथी सुनील जैन,धनपति कुबेर मुकेशबाबू जैन जबकि जिनवाणी रथ के पात्र नत्थी लाल जैन रहे। इस मौके पर अध्यक्ष राजेश जैन,महामंत्री कुमार मंगलम जैन,कोषाध्यक्ष कैलाशचंद जैन, सांस्कृतिक मंत्री चंद्रप्रकाश जैन, संजय जैन,पुष्पेंद्र जैन,नरेशचंद्र जैन, विनीत जैन,सुनील जैन,विजय कुमार जैन,नीलम जैन,कुसुमलता जैन, सरिता जैन,संध्या जैन,बबीता जैन अंजना जैन,खुशबू जैन,आदि लोग उपस्थित रहे।

# प्रयास फाउन्डेशन ने की पौधों की देखभाल

एनएनआई




**आगरा।** लगातार जन-मानस को स्वच्छता का संदेश दे रही संस्था प्रयास फाउंडेशन की ओर से वाटर वर्क्स चौराहे पर फ्लाईओवर के नीचे बने पार्क में स्वच्छता अभियान के साथ पेड़ो की कटाई छटाई की। अध्यक्ष किशन अग्रवाल ने बताया किहरियाली के लिए यहां पेड़ पौधे भी संस्था ने लगाये है। प्रयास फाउंडेशन आगरा के रिंकू गर्ग,रवि गुप्ता, अतुल गर्ग, आशीष सिंघल, अंकुर गर्ग, अनिल गुप्ता, मनोज अग्रवाल,अनूप अग्रवाल,अर्पण गुप्ता, मनीष बंसल, संदीप वर्मा,सभी सदस्य लगातार स्वच्छता अभियान में निरन्तर सहभागिता निभा रहे है।

# दाऊदयाल संस्थान की परीक्षाएं कल से शुरू

एनएनआई

**आगरा।** डॉ भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय के आवासीय परिसर स्थित दाऊ दयाल दयाल संस्थान में संचालित विभिन्न कोर्सों की विषम सत्र की सत्रांत परीक्षाएं कल 9 दिसंबर से प्रारंभ हो रही है। जिसमें बीएससी वोकेशनल, बीकॉम वोकेशनल ,बीकॉम एन ई पी प्रथम , तृतीय एवं पंचम सत्र तथा एमएससी इलेक्ट्रॉनिक्स एंड इंस्ट्रूमेंटेशन, एम कॉम बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन प्रथम एवं तृतीय सत्र, बीकॉम बी एफ एस आई प्रथम सत्र की परीक्षाएं दो पालियों यथा प्रथम पाली प्रातः 9 से 12 तक तथा दूसरी पाली दोपहर 1 बजे से शाम 4:00 बजे तक होगी। परीक्षा का विस्तृत कार्यक्रम विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर उपलब्ध है संस्थान के निदेशक ने छात्रों से आग्रह किया है कि वह सावधानी पूर्वक अपने पाठ्यक्रम की परीक्षाओं की तिथि एवं समय सुनिश्चित कर लें तथा समय से आधा घंटे पहले संस्थान में प्रॉपर यूनिफॉर्म के साथ पहुंचे तथा अपने साथ मोबाइल अथवा किसी भी तरह का अन्य इलेक्ट्रॉनिक गैजेट लेकर ना आए जिससे उन्हें परेशानी का सामना करना पड़े।

# टोरंट पावर ने उपभोक्ताओं को दी राहत की रोशनी

- शहर के नौ स्थानों पर बिजली बिल राहत योजना के कैंप लगाए
- विद्युत राहत योजना को मिल रहा उपभोक्ताओं का शानदार समर्थन

एनएनआई




**आगरा।** टोरंट पावर की ओर से उपभोक्ता हितैषी पहल शुरू की गई है। इसके तहत सालों पुराने बिलों पर सौ फीसद ब्याज माफी के साथ मूलधन में भी छूट दी गई है। टोरेंट पावर द्वारा बिजली बिल राहत योजना 1 दिसंबर से प्रारंभ की गई है। उपभोक्ताओं की सुविधा के लिए शहर में नौ स्थानों, तीनों ग्राहक सेवा केंद्रों और छह कलेक्शन सेंटरों पर विशेष कैंप लगाए गए हैं। उपभोक्ताओं को बेहतर सुविधा के लिए अलग से डेस्क तैयार की गई है। साथ हीएक विशेष टीम को तैनात किया गया है।

टोरंट पॉवर में अब तक 123 उपभोक्ता इस योजना में पंजीकरण करा चुके हैं और 34 लाख रुपये से अधिक बकाया राशि वसूली की जा चुकी है। यह योजना अत्यंत प्रभावी साबित हो रही है। विशेषकर उन पुराने बकायादारों के लिए जिनका वर्षों से बकाया लंबित था। पहली बार ऐसी योजना लाई गई है जिसमें मूलधन में भी राहत प्रदान की जा रही है।

बिजली बिल राहत योजना को सुचारू रूप से संचालित करने के लिए टोरेंट पावर की विशेष टीम पूरी तत्परता के साथ कार्य कर रही है। कैंप में आने वाले प्रत्येक उपभोक्ता का विवरण दर्ज किया जा रहा है। उन्हें योजना के लाभों के बारे में भी विस्तार से समझाया जा रहा है। कंपनी का प्रयास है कि अधिक से अधिक उपभोक्ता इस अवसर का लाभ उठाकर अपनी बकाया राशि समाप्त करें। जब तक यह बिजली बिल राहत योजना संचालित रहेगी, टोरेंट पावर उपभोक्ताओं को हर स्तर पर पूर्ण सहयोग प्रदान करती रहेगी। कंपनी की अपील है कि सभी पात्र उपभोक्ता इस लाभकारी योजना का अधिक से अधिक लाभ उठाएं। इस संबंध मे संजय कुमार, उपाध्यक्ष टोरंट पॉवर ने कहा कि उपभोक्ताओं की सुविधा और राहत को सर्वोच्च प्राथमिकता देती है। यह योजना उपभोक्ताओं के आर्थिक बोझ को कम करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। टोरंट पावर इस योजना को सफल बनाने के लिए हर संभव सहयोग जारी रखेगी।

newsnextindia1@gmail.com
NNI हर ख़बर पर पक्की नज़र
न्यूज नेक्स्ट इंडिया


# प्रसूता की मौत पर हंगामा




एनएनआई

**एत्मादपुर।** तहसील के मुड़ी चौराहा स्थित प्राइवेट अस्पताल में प्रसव के दौरान प्रसूता की मौत के बाद बीती रात जमकर हंगामा हुआ। प्रसूता के परिजन और क्षेत्रीय ग्रामीणों ने डॉक्टरों पर लापरवाही के आरोप लगाए। हंगामे की सूचना पर इलाका चौकी पुलिस पहुंची तब तक अस्पताल संचालक भाग गया।

थाना एत्मादपुर क्षेत्र के गढ़ी जस्सा (चावली) निवासी विवाहिता रमा देवी (28) पत्नी प्रदीप कुमार को शनिवार की रात प्रसव पीड़ा होने पर मुड़ी चौराहा स्थित प्राइवेट ओम नमः शिवाय हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया था। परिजनों के अनुसार रविवार की सुबह 11 बजे रमा का ऑपरेशन किया गया। उसने एक कन्या शिशु को जन्म दिया। इसी दौरान रमा की हालत बिगड़ने लगी। परिजनों ने मीडिया को बताया कि अस्पताल के डॉक्टरों ने मरीज के गंभीर हालत की जानकारी उन्हें नहीं दी। शाम करीब 4 बजे अस्पताल प्रबंधन प्रसूता को एंबुलेंस से आगरा ले जा रहा था। रास्ते में टेढ़ी बगिया के पास इसकी जानकारी हुई तो उन्होंने एंबुलेंस को रोक लिया। लेकिन तब तक रमा की मौत हो चुकी थी। इसके बाद परिजन शव के साथ अस्पताल पहुंचे। उन्होंने इस दौरान जमकर हंगामा किया। हंगामा होते देख अस्पताल संचालक सत्यवीर सिंह और अन्य स्टाफ मौके से भाग गए। ग्रामीणों की भीड़ देर रात तक अस्पताल पर डटी रही। ग्राम पंचायत गोल के प्रधान वीरेंद्र सिंह ने बताया कि विवाहिता की मौत अस्पताल के डाक्टरों की लापरवाही के कारण हुई है।

# टीईटी की अनिवार्यता के विरोध में शिक्षकों ने सौंपा ज्ञापन

एनएनआई

**आगरा।** शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी) टेट की अनिवार्यता के विरोध में प्राथमिक शिक्षक संघ की जिला इकाई के नेतृत्व में जिलेभर के शिक्षकों ने फतेहपुर सीकरी लोकसभा क्षेत्र के सांसद राजकुमार चाहर को उनके आवास पर पहुंचकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम ज्ञापन सौंपा।

जिला संयोजक चौधरी सुरजीत के नेतृत्व में रविवार को दिए गए ज्ञापन में टीईटी की अनिवार्यता को समाप्त करने, 29 जुलाई 2011 से पूर्व नियुक्त शिक्षकों को टीईटी से मुक्त करने और एक सितंबर 2025 को उच्चतम न्यायालय के आदेश में अध्यादेश के माध्यम से संशोधन की मांग प्रधानमंत्री से की गई है। ज्ञापन में शिक्षकों से संबंधित समस्याओं के निदान के संग विभिन्न विसंगतियों को दूर करने की भी मांग की गई है। ज्ञापन सौंपने वालों में जिला सह संयोजक ब्रजेश शुक्ला, मंत्री हरिओम यादव, केके इंदौलिया, बलदेव सिकरवार, विजयपाल नरवार, जागीर सिंह, विपिन भागौर, दिगम्बर सिंह, डा.जगपाल सिंह, लक्ष्मण चाहर, अभय चौधरी, डा.योगेश चाहर, प्रदीप यादव, पुनीत अरोड़ा, प्रवेंद्र जुरैल, भोला यादव, मांगीलाल गुर्जर, डा.सोनवीर सिंह, केपी सोलंकी, शैलेंद्र पाल सिंह, प्रदीप भदौरिया, बनवारी लाल मंजीत चाहर, ब्रजेश नौहवार, कमल नयन, दिनेश कुमार, दिलावर सिंह, सुनील कुमार, सुनील राणा, वीरेंद्र सोलंकी, गिरधारी लाल, नेकराम, जयवीर, यशपाल, सुमित सिकरवार, देवेंद्र सिंह नरवार, प्रशांत राजपूत, राजेंद्र सिंह, लोकेंद्र शर्मा, दिनेश बघेल, हाकिम सिंह पुष्कर, सतेंद्र यादव, विकास यादव, बुद्धि प्रकाश, सुरेंद्र यादव , गिरीश झा, तारा सिंह, जयप्रकाश यादव, पुरूषोत्तम, रामदत्त वर्मा, किशन बाबू गुप्ता, लेखराज, हमवीर सिंह, अजीत नौहवार, पंकज बघेल आदि शामिल थे।

# एसीएमओ ने किया आरोग्य मेले का निरीक्षण



एनएनआई

**फतेहपुर सीकरी।** ब्लॉक क्षेत्र के अंतर्गत आयोजित मुख्यमंत्री आरोग्य मेले का एसीएमओ डॉ. नंदन सिंह ने निरीक्षण किया। उन्होंने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों सामरा, बहरावती और दूरा पर पहुंचकर व्यवस्थाओं की जानकारी ली।

निरीक्षण के दौरान एसीएमओ ने स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता, पंजीकरण व्यवस्था, दवाओं के वितरण, जांच सुविधाओं तथा स्वच्छता सहित विभिन्न बिंदुओं की समीक्षा की। उन्होंने उपस्थित चिकित्सकों और स्वास्थ्यकर्मियों को केंद्र में आने वाले मरीजों को बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री आरोग्य मेला लोगों को निःशुल्क स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने का प्रभावी माध्यम है। स्वास्थ्य विभाग जनहित में सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए निरंतर प्रयासरत है।

## दो बाइको की टक्कर में एक घायल

**फतेहपुर सीकरी** एनएनआई । रविवार को दूरा मार्ग पर दो बाइक आपस में टकरा गईं, जिसमें एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया।

राहगीरों ने घटना की जानकारी तुरंत डायल112 पर दी। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने घायल को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। घायल युवक की पहचान सचिन पुत्र नवाब निवासी चिचाना, भरतपुर के रूप में हुई है। प्राथमिक उपचार के बाद घायल को चिकित्सकों ने उसे इलाज के लिए आगरा रेफर कर दिया।



## 2 घंटे मे आठ वर्ष के बालक को ढूंढ़ा



**पिनाहट** एनएनआई । थाना क्षेत्र के गांव क्योंरी बीच का पुरा निवासी लायक सिंह ने पिनाहट पुलिस को सुबह सूचना दीं। उनका पुत्र माधव उम्र 8 वर्ष घर से कही लापता हो गया। काफी तलाश करने के बाबजूद भी नहीं मिला। मिशन शक्ति ने तत्काल तत्परता दिखाते हुए 2 घंटे मे बच्चे को ढूढ़ कर परिजनों को सुपुर्द कर दिया। मिशन शक्ति का परिजनों ने धन्यवाद किया। सराहनीय कार्य की चर्चा सुबह से शाम तक होती रही। सब इंस्पेक्टर पंकज मिश्रा, अभिषेक शोम, अपेक्षा रानी रही।

# सब्जी मंडी में छुट्टा मवेशी का आतंक, पशु कैचर टीम गायब





एनएनआई

**बाह।** कस्बा बाह की सब्जी मंडी में छुट्टा मवेशी के आतंक से दुकानदार एवं ग्राहक परेशान हैं। सब्जी के कचरे में मुंह मारते छुट्टा मवेशी के बिदकने पर मुश्किल हालात पैदा हो जाते हैं। एक दो नहीं, दर्जन भर से ज्यादा छुट्टा मवेशी सब्जी मंडी में विचरते हैं। इतना ही नहीं बाह कस्बे में जैतपुर के छोर पर पेट्रोलपंप से लेकर धोबई के छोर के पेट्रोलपंप तक छुट्टा मवेशी आए दिन सड़क हादसे की बजह बन रहे हैं। पिछले दिनों हादसे में एक छुट्टा मवेशी की मौत हुई थी। जिसको पुलिस ने दफनवाया था। कई घायल मवेशी का पशुपालन विभाग की टीम ने इलाज किया है। लेकिन मंडी से लेकर सड़क तक छुट्टा मवेशी पर अंकुश नहीं लग सका है। बाह ही नहीं, जैतपुर, बटेश्वर, कैंजरा रोड, भदरौली, नंदगवा, बासौनी में भी कमोवेश सड़क से लेकर बाजार तक यही हाल है। ऐसे में सवाल उठता है कि पशु कैचर टीम कहां है? छुट्टा मवेशी पकड़ कर गोशाला क्यों नहीं भेजे जा रहे?

भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) के तहसील अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौहान ने बताया कि कई बार जिम्मेदारों को अवगत कराए जाने के बाद भी छुट्टा मवेशी को पकड़ कर गोशाला नहीं भेजा रहा है। जल्द ही छुट्टा मवेशी के आतंक से निजात दिलाने की मुहिम नहीं शुरू हुई तो उनका संगठन तहसील मुख्यालय पर धरना प्रदर्शन को मजबूर होगा।

## संपादकीय

# कांग्रेस की मुश्किल अराजनैतिक लोग

कांग्रेस के आलाकमान के कमजोर होने की जो धारणा बनी है उसका कारण यह है कि कांग्रेस चुनाव नहीं जीत रही है।कांग्रेस लगातार चुनाव हार रही है। यह उसकी एक बड़ी समस्या है2014 से पहले जब तक कांग्रेस चुनाव जीत रही थी, केंद्र में उसकी सरकार थी और एक दर्जन राज्यों में कांग्रेस और उसकी सहयोगी पार्टियों की सरकार थी, तब तक जैसे भी थे राहुल गांधी बहुत मजबूत थे। वे अपने हिसाब से फैसले करते थे और किसी को भी नेता, मंत्री बना देने में सक्षम थे। लेकिन जब से चुनाव हारने का सिलसिला शुरू हुआ तब से उनकी शक्ति का ह्रास होता गया है और अब ऐसी स्थिति आ गई है कि पार्टी के क्षत्रप अपनी मनमानी कर रहे हैं। जब पार्टी के सर्वोच्च नेता का करिश्मा चूक जाए और वह चुनाव नहीं जीता सके तो उसकी ताकत कम होती ही है। भाजपा में लालकृष्ण आडवाणी के साथ भी ऐसा ही हुआ था।लेकिन कांग्रेस की एकमात्र समस्या यह नहीं है कि चुनाव नहीं जिता पाने की वजह से कांग्रेस आलाकमान कमजोर हुआ है।भारतीय जनता पार्टी और समाजवादियों पार्टियों का लंबे समय तक चुनाव हारने का इतिहास रहा है। लेकिन उनके नेतृत्व को लेकर कभी उस तरह से सवाल नहीं उठे, जैसे कांग्रेस के मौजूदा नेतृत्व यानी राहुल गांधी को लेकर उठ रहे हैं। चुनाव हारने वाली पार्टियों के भविष्य पर वैसी चिंता भी नहीं हुई, जैसी कांग्रेस को लेकर हो रही है। इसका सबसे बड़ा कारण यह है कि कांग्रेस में राजनीति करने वाले लोगों की कमी हो गई है। ऐसे भी कह सकते हैं कि राहुल गांधी ने अपने आसपास बड़ी संख्या में अराजनीतिक लोगों को इकट्ठा कर लिया है।जिनके साथ कांग्रेस के पुराने राजनीति करने वाले नेता तालमेल नहीं बैठा पा रहे हैं। नरेंद्र मोदी और अमित शाह ने राजनीति को 24 घंटे का काम बनाया है। राहुल गांधी और उनके नेतृत्व वाली कांग्रेस यह काम नहीं कर पा रही है।बिहार में प्रभारी महासचिव कृष्णा अल्लावरू के साथ यही हुआ तो झारखंड के प्रभारी के राजू और तेलंगाना की प्रभारी मीनाक्षी नटराजन के साथ भी यही हो रहा है। महाराष्ट्र में कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष हर्षवर्धन सपकाल के साथ यही समस्या है तो बिहार के प्रदेश अध्यक्ष राजेश राम के साथ भी यही समस्या है। हिमाचल प्रदेश में नए प्रदेश अध्यक्ष विनय कुमार के साथ यही समस्या आने वाली है।सोनिया गांधी के साथ अहमद पटेल, दिग्विजय सिंह, जनार्दन द्विवेदी, मोतीलाल वोरा, एके एंटनी जैसे राजनीति करने वाले लोग थे तो राहुल गांधी के साथ सचिन राव, अलंकार सवाई, मनोज त्यागी, कौशल विद्यार्थी, कृष्णा अल्लावरू, मीनाक्षी नटराजन, हर्षवर्धन सपकाल जैसे निजी सहयोगी या सलाहकार हैं! एक तरफ ऐसे अराजनीतिक लोग हैं तो दूसरी ओर हाइपर एक्टिव डीके शिवकुमार, सिद्धारमैया, भूपेंद्र सिंह हुड्डा, सचिन पायलट, अशोक गहलोत, भूपेश बघेल, रेवंत रेड्डी जैसे नेता हैं। इनका राहुल की टीम के साथ कैसे तालमेल बनेगा?राहुल गांधी ने अपनी इनर टीम की पुरानी सदस्य मीनाक्षी नटराजन को तेलंगाना का प्रभारी बना कर भेजा है। वे तेलंगाना में पदयात्रा कर रही हैं। इससे व्यावहारिक राजनीति प्रभावित हो रही है।

कांग्रेस नेताओं का कहना है कि उनका काम रणनीति बनाने का होना चाहिए, राजनीति करने का नहीं। जुबली हिल्स विधानसभा का उपचुनाव लड़ना था तो कांग्रेस ने जितनी तिकड़म की उससे नटराजन खुश नहीं थीं।मीनाक्षी नटराजन को प्रदेश कांग्रेस का बेहिसाब पैसा बहाना या अजहरूद्दीन को विधान परिषद में भेज कर मंत्री बनाना पसंद नहीं आया। इसी तरह बिहार में कृष्णा अल्लावरू कांग्रेस के वेतनभोगी कर्मचारी की तरह राजनीति करते रहे हैं। वे विधानसभा चुनाव से ठीक पहले बिहार पहुंचे थे। ऐसे में उन्होंने कांग्रेस के तमाम पुराने नेताओं को साथ लेकर चुनावी राजनीति करनी थी तो उन्होंने उलटे पुराने नेताओं को न सिर्फ हाशिए में डाला, बल्कि उन सबको नाराज कर दिया। उसके बाद भी अगर वे बेहतर गठबंधन और सीट बंटवारा करा पाते तो मान लिया जाता कि वे अच्छे रणनीतिकार हैं। लेकिन गठबंधन और सीट बंटवारे दोनों में उन्होंने कांग्रेस को डुबो दिया।सोनिया गांधी के नजदीकी नेताओं और सलाहकारों की टीम के प्रति देश भर के कांग्रेस नेताओं के मन में सम्मान होता था। वे उनसे डरते भी थे। लेकिन अब राहुल गांधी की टीम मजाक का विषय है। उनकी एक ह्यजय जगतह्म टीम की चर्चा होती है, जिसके नेता सचिन राव बताए जाते हैं। इस टीम के नेता जाति, धर्म, धनबल, बाहुबल आदि से ऊपर उठ कर राजनीति करने के समर्थक बताए जाते हैं। क्या आज की राजनीति में ऐसा करना संभव और व्यावहारिक है? यह भी सवाल है कि राहुल गांधी जब 20 साल तक पुराने ढंग की राजनीति कर चुके तो अब गांधी मार्ग अपना कर क्या वे कांग्रेस का भला कर पाएंगे?बहरहाल, कांग्रेस के सामने भाजपा के साथ साथ 24 घंटे राजनीति करने वाले प्रादेशिक क्षत्रपों की भी चुनौती है। उनसे निपटने के लिए राहुल गांधी नए और अराजनीतिक लोगों की टीम बना रहे हैं। दूसरी बात यह है कि धीरे धीरे कांग्रेस पार्टी में ऐसे नेताओं की कमी होती जा रही है, जो अखिल भारतीय राजनीति समझते हैं या देश के हर राज्य में एक राजनीतिक असर रखते हैं। उनकी जगह लेने के लिए दूसरी कतार के नेता जल्दी सामने नहीं आते हैं तो कांग्रेस की समस्या और बढ़ेगी।



# प्लास्टिक के बर्तनों में न खाएं न ही गर्म करें खाना...रहेंगे सेहतमंद

प्लास्टिक हमारे हवा, भोजन, पानी और यहां तक कि शरीर तक में पहुंच चुका है, लेकिन वैज्ञानिक अभी भी यह नहीं जानते कि इसका स्वास्थ्य पर वास्तविक प्रभाव कितना खतरनाक हो सकता है। ऐसे में सवाल उठता है कि आम लोगों को प्लास्टिक से दूरी बनाने में कितना प्रयास करना चाहिए।

नेशनल जियोग्राफिक से बातचीत में ओशन कन्सर्वेंसी की डायरेक्टर ऑफ ओशन प्लास्टिक्स रिसर्च ब्रिट्टा बैचलर और एमोरी युनिवर्सिटी के माइक्रोप्लास्टिक एवं पब्लिक हेल्थ विशेषज्ञ डगलस वॉकर बताते हैं कि प्लास्टिक से पूरी तरह बचना फिलहाल नामुमकिन है। इसलिए अपनी सुरक्षा का सबसे भरोसेमंद तरीका यही है कि हम खुद जागरूक होकर प्लास्टिक के उपयोग को कम करें, विशेषकर खाने-पीने और गर्मी के संपर्क वाले प्लास्टिक से बचना चाहिए। इस समय हमारे पास सबसे कारगर रास्ता वही है जो व्यक्तिगत स्तर पर अपनाएं। वैज्ञानिकों के अनुसार हर साल लगभग 11 मिलियन मीट्रिक टन प्लास्टिक समंदर में



पहुंच जाता है और वर्ष 2040 तक यह आंकड़ा तिगुना हो सकता है। हवा से लेकर पहाड़ों तक माइक्रो प्लास्टिक पाया जा चुका है। मानव के मस्तिष्क, फेफड़ों, पाचन तंत्र और गर्भनाल में भी इनके कण मिल चुके हैं।



## गर्मी और प्लास्टिक का मेल सबसे खतरनाक

ब्रिट्टा बैचलर मानती हैं कि प्लास्टिक कंटेनर और गर्मी का संयोजन माइक्रोप्लास्टिक जोखिम को बहुत बढ़ाता है। इसलिए वे घर पर कभी भी प्लास्टिक के बर्तनों में गरम खाना रखने या गरम करने से बचती हैं। वे बताती हैं कि बाहर रहते हुए कॉफी कप भी प्लास्टिक लाइनिंग वाले होते हैं, इसलिए विकल्प चुनना जरूरी है।उनके अनुसार लॉन्ड्री भी माइक्रोप्लास्टिक प्रदूषण का एक बड़ा स्रोत है। सिंथेटिक कपड़ों को धोने पर माइक्रोफाइबर निकलकर वेस्टवॉटर में चले जाते हैं, जिनमें से अधिकांश खेतों में उर्वरक के रूप में इस्तेमाल किए जाने वाले स्लज में पहुंच जाते हैं। वे कम तापमान पर कपड़े धोने, हल्के डिटर्जेंट का प्रयोग करने और बाहरी धुलाई फिल्टर या माइक्रोफाइबर कलेक्ट करने वाले बैग बॉल्स का इस्तेमाल करने को स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद मानती हैं।

## साठ कंपनियां दुनिया की आधी प्लास्टिक प्रदूषण की जिम्मेदार

एक अध्ययन के अनुसार विश्व के कुल प्लास्टिक प्रदूषण का लगभग आधा हिस्सा केवल 60 कंपनियों से आता है। ब्रिट्टा बैचलर कहती हैं कि इस संकट से निपटने के लिए तीन बड़े परिवर्तन आवश्यक हैं। पहला,सिंगल-यूज प्लास्टिक के उत्पादन में तेजी से कमी लाना, क्योंकि समुद्री तटों पर मिलने वाले कचरे में सबसे अधिक यही वस्तुएं पाई जाती हैं। दूसरा,पुरानी और बोझिल प्लास्टिक प्रबंधन प्रणाली को सुधारकर रिसाइकलिंग को प्रभावी बनाना। तीसरा,जनता द्वारा कंपनियों और नीति-निमार्ताओं पर दबाव डालना, क्योंकि उपभोक्ताओं की आवाज उद्योग पर असर डालती है। डगलस वॉकर पैकेजिंग की एफीशिएन्सी पर जोर देते हैं। वे पूछते हैं कि आखिर क्यों हर वस्तु को अलग-अलग लपेटकर बेचा जाता है और क्यों जरूरी सामानों को इतनी परतों में पैक किया जाता है। उनके अनुसार जिम्मेदारी केवल उपभोक्ताओं की नहीं बल्कि उद्योगों की भी है कि वे प्लास्टिक का उपयोग समझदारी से करें।

सोमवार, 08 दिसम्बर, 2025
newsnextindia1@gmail.com
NNi हर ख़बर पर पक्की नज़र
न्यूज नेक्स्ट इंडिया



# जान्हवी कपूर

## ने रश्मिका मंदाना की फिल्म 'द गर्लफ्रेंड' को बताया जरूरी देखना



अभिनेत्री जान्हवी कपूर ने रश्मिका मंदाना अभिनीत फिल्म द गर्लफ्रेंड की प्रशंसा करते हुए उसे 'जरूरी देखने योग्य' बताया। जान्हवी ने इंस्टाग्राम स्टोरी में फिल्म के एक दृश्य के साथ लिखा–'मैंडेटरी वॉच।' तेलुगु रोमांटिक ड्रामा यह फिल्म युवावस्था, रिश्तों और आत्म-खोज की यात्रा पर आधारित है। जान्हवी हाल ही में सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी में नजर आई थीं और अब जल्द फिल्म पेड्डी में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएँगी। यह फिल्म अगले वर्ष मार्च में प्रदर्शित होगी।

# जेनेलिया देशमुख

## ने साड़ी लुक के साथ दिया 'मंडे मोटिवेशन'



अभिनेत्री जेनेलिया देशमुख ने सप्ताह की शुरूआत सकारात्मक संदेश के साथ करते हुए इंस्टाग्राम पर अपनी पारंपरिक परिधान वाली तस्वीरें साझा कीं। कैप्शन में उन्होंने लिखा– 'यह सोमवार याद दिलाने के लिए है कि आप आने वाला हर सप्ताह संभाल सकते हैं।' जेनेलिया जल्द ही मनोज बाजपेयी संग पुलिस स्टेशन में भूत फिल्म में दिखेंगी, जिसमें भय और हास्य का मिश्रण होगा। फिल्म में यह दोनों कलाकार पहली बार साथ स्क्रीन साझा करेंगे।



# ईशा देओल

## ने पिता धर्मेंद्र की 90वीं जयंती पर लिखी भावुक पोस्ट

दिवंगत अभिनेता धर्मेंद्र की 90वीं जयंती पर उनकी बेटी एवं अभिनेत्री ईशा देओल भावुक हो उठीं। उन्होंने सोशल मीडिया पर पिता संग पुरानी तस्वीरें साझा कर दिल छू लेने वाले शब्दों में याद किया। ईशा ने लिखा कि हमारा रिश्ता जन्म-जन्मांतर का है, आप हमेशा मेरे साथ हैं पापा।' उन्होंने पिता की सीख, प्रेम और स्नेह को जीवन का अनमोल आधार बताते हुए कहा कि वह उनकी विरासत को गर्व के साथ आगे बढ़ाएँगी। धर्मेंद्र का निधन 24 नवंबर को 89 वर्ष की उम्र में हुआ था। मुंबई में अंतिम संस्कार के दौरान कई सितारों ने उन्हें श्रद्धांजलि दी थी।

# गौरव खन्ना ने जीता बिग बॉस 19




लोकप्रिय रियलिटी शो बिग बॉस 19 का ग्रैंड फिनाले 7 दिसंबर को भव्य अंदाज में आयोजित हुआ। लंबे मुकाबले के बाद अभिनेता गौरव खन्ना शो के विजेता बने, जबकि फरहाना भट्ट उपविजेता रहीं। अपनी जीत पर गौरव ने इस सफलता को आम जनता और अपने प्रशंसकों के नाम समर्पित किया। गौरव ने कहा कि उनके फैंस का साथ न होता तो यह सफर पूरा होना मुमकिन नहीं था। उन्होंने अपनी जर्नी को एक आम इंसान की कहानी बताया। बोले – यह एक आम आदमी की जीत है। मुझे भी जीवन की तरह सवालों और उपहास का सामना करना पड़ा, लेकिन मैं आगे बढ़ता रहा। इसलिए मैं यह जीत हर उस इंसान को समर्पित करता हूं, जो संघर्ष के बावजूद हार नहीं मानता। विजेता बनने के बाद उन्होंने यह भी कहा कि वह यह साबित करना चाहते थे कि बिग बॉस जैसे शो में सुर्खियों में आने के लिए विवाद करना, लड़ाई करना या चीजें तोड़ना जरूरी नहीं है। उन्होंने कहा – मैंने बिना शोर-शराबे के खेल खेला। जहां जरूरत थी वहीं बोला। सच्चाई और सरलता भी जीत सकती है, और आज यह सच साबित हुआ। पूरे सीजन में गौरव शांत और संयमित खिलाड़ी के रूप में सामने आए। उन्होंने प्रणित मोरे, मृदुल तिवारी, अभिषेक बजाज और अशनूर कौर के साथ मजबूत दोस्ती बनाई। अंतिम चरण में उन्होंने अपनी रणनीति और जवाबदेही स्पष्ट रूप से रखी, जिसके बाद दर्शकों ने उन्हें भारी समर्थन दिया और वे विजेता बने।

# आखिर टूट ही गया स्मृति-पलाश का रिश्ता

दोनों ने एक ही समय पोस्ट कर शादी रद्द करने का किया एलान



**नई दिल्ली।** भारतीय महिला टीम की उपकप्तान स्मृति मंधाना और संगीतकार पलाश मुछाल का रिश्ता आखिरकार टूट गया। मंधाना और मुछाल ने लगभग एक ही समय में इंस्टाग्राम पर पोस्ट कर शादी रद्द होने का आधिकारिक एलान रविवार को किया। मंधाना और पलाश की शादी 23 नवंबर को महाराष्ट्र के सांगली में होनी थी और दो दिन पहले से शादी की रस्में शुरू हो गई थी। शादी टलने की खबर 23 नवंबर की शाम को आई थी। मंधाना और पलाश ने 17 दिन बाद चुप्पी तोड़ी और स्पष्ट किया कि शादी टूट गई है।

### मंधाना-पलाश बोले- अब आगे बढ़ने का समय

मंधाना ने सबसे पहले रविवार दोपहर एक बजकर आठ मिनट पर इंस्टाग्राम स्टोरी लगाई और पोस्ट किया कि उनकी शादी रद्द कर दी गई है। इसके ठीक चार मिनट बाद यानी एक बजकर 11 मिनट पर इंस्टाग्राम पर पोस्ट किया और बताया कि मंधाना के साथ उनकी शादी टूट गई है। मंधाना ने लिखा, पिछले कुछ सप्ताह से मेरे जीवन को लेकर काफी अटकलें लगाई जा रही हैं और मुझे लगता है कि इस समय मेरे लिए खुलकर बोलना जरूरी है। मैं बहुत निजी इंसान हूं और मैं इसे इसी तरह रखना चाहती हूं, लेकिन मुझे यह स्पष्ट करना होगा कि शादी रद्द कर दी गई है। मैं इस मामले को यहीं समाप्त करना चाहती हूं और आप सभी से भी यही करने की विनती करती हूं। मैं आपसे अनुरोध करती हूं कि इस समय दोनों परिवारों की निजता का सम्मान करें और हमें अपनी गति से आगे बढ़ने का समय दें। मंधाना ने आगे लिखा, मेरा मानना है कि हम सभी के पीछे एक बड़ा उद्देश्य है और मेरे लिए वह उद्देश्य हमेशा अपने देश का सर्वोच्च स्तर पर प्रतिनिधित्व करना रहा है। मैं उम्मीद करती हूं कि मैं भारत के लिए यथासंभव लंबे समय तक खेलती रहूं और ट्रॉफियां जीतती रहूं और मेरा ध्यान हमेशा इसी पर रहेगा। आप सभी के समर्थन के लिए धन्यवाद। अब आगे बढ़ने का समय है।

### पलाश ने निजी रिश्तों से दूर रहने का किया फैसला

इसके बाद पलाश ने लिखा, मैंने अपनी जिंदगी में आगे बढ़ने और अपने निजी रिश्तों से दूर रहने का फैसला किया है। मेरे लिए यह देखना बहुत मुश्किल रहा है कि लोग मेरे लिए सबसे पवित्र चीज के बारे में बेबुनियाद अफवाहों पर इतनी आसानी से प्रतिक्रिया दे रहे हैं। यह मेरे जीवन का सबसे मुश्किल दौर है और मैं अपने विश्वासों पर अडिग रहकर इससे निपटूंगा। मैं सचमुच उम्मीद करता हूं कि हम एक समाज के रूप में, किसी के बारे में बिना पुष्टि की गई अफवाहों के आधार पर राय बनाने से पहले रुकना सीखेंगे, जिनके सोर्स कभी पहचाने नहीं जाते। हमारे शब्द हमें ऐसे जख्म दे सकते हैं जिन्हें हम कभी समझ नहीं पाएंगे।

### झूठी खबर फैलाने वालों पर कानूनी कार्रवाई करने की कही बात

पलाश ने आगे उनको लेकर अफवाहें फैलाने वालों पर लीगल एक्शन लेने की भी बात कही है। अपने बयान में उन्होंने लिखा, ह्यजब हम इन बातों पर विचार कर रहे हैं, तब दुनिया में कई लोग इसके गंभीर परिणामों का सामना कर रहे हैं। मेरी टीम झूठी और अपमानजनक अफवाहें फैलाने वालों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई करेगी। इस कठिन समय में मेरे साथ खड़े रहने वाले सभी लोगों का धन्यवाद।

# दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ धमाल मचाकर लंदन रवाना हुए कोहली

## विजय हजारे ट्रॉफी में खेलने लौटेंगे भारत

**मुंबई।** भारतीय वनडे टीम के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली रविवार को लंदन रवाना हो गए। वह दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ तीन मैचों की वनडे सीरीज का हिस्सा थे। भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच शनिवार को विशाखापत्तनम में तीसरा वनडे मैच खेला गया था जिसमें भारत ने नौ विकेट से जीत दर्ज कर 2-1 से सीरीज अपने नाम की थी। अब कोहली विजय हजारे ट्रॉफी खेलने के लिए भारत लौटेंगे।

### मुंबई एयरपोर्ट पर स्पॉट किए गए विराट

दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ वनडे सीरीज के बाद विराट कोहली रविवार को लंदन रवाना हो गए। उन्हें मुंबई एयरपोर्ट पर स्पॉट किया गया। अब वह विजय हजारे ट्रॉफी में खेलने के लिए भारत



लौटेंगे। इस टूर्नामेंट के आगामी सत्र की शुरूआत 24 दिसंबर से अहमदाबाद में होगी। इसके बाद वह भारत और न्यूजीलैंड के बीच अगले साल की शुरूआत में खेली जाने वाली वनडे सीरीज में खेलते नजर आएंगे।

### 'कुछ मैच खेलेंगे विराट'

डीडीसीए के अध्यक्ष रोहन जेटली ने पीटीआई से कहा, 'उन्होंने विजय हजारे ट्रॉफी में खेलने के लिए अपनी मौजूदगी कन्फर्म कर दी है। वह कितने मैच में खेलेंगे, यह अभी साफ नहीं है। जाहिर है, उनके होने से दिल्ली ड्रेसिंग रूम को बहुत बढ़ावा मिलेगा।' दिल्ली की टीम आगामी घरेलू वनडे टूर्नामेंट के लीग चरण में अपने पांच मैच अलूर में खेलेगी। बाकी दो मुकाबले बंगलूरू के एम. चिन्नास्वामी स्टेडियम में होंगे, जो विराट कोहली की आईपीएल टीम रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) का घरेलू मैदान है। विराट कोहली ने पिछली बार दिल्ली के लिए 50 ओवर का मुकाबला सितंबर 2013 में खेला था। वह एनकेपी साल्वे चैलेंजर ट्रॉफी थी, जिसमें भारत ब्लू और भारत रेड टीमें शामिल थीं। कोहली ने उस टूर्नामेंट के साथ-साथ 2009-10 सीजन में खेले गए विजय हजारे ट्रॉफी अभियान में भी दिल्ली की कप्तानी की थी।

# ऑस्ट्रेलिया ने ब्रिसबेन टेस्ट आठ विकेट से जीता

## इंग्लैंड के खिलाफ हासिल की बढ़त, स्टार्क-नेसर चमके

**ब्रिसबेन।** मिचेल स्टार्क और माइकल नेसर के शानदार प्रदर्शन के दम पर ऑस्ट्रेलिया ने इंग्लैंड को एशेज सीरीज के दूसरे टेस्ट मैच में आठ विकेट से हराया। इंग्लैंड ने दूसरी पारी में 241 रन बनाए और 64 रनों की बढ़त हासिल की। ऑस्ट्रेलिया ने चौथे दिन दूसरी पारी में दो विकेट पर 69 रन बनाकर जीत दर्ज की। ऑस्ट्रेलिया ने इस तरह पांच मैचों की टेस्ट सीरीज में 2-0 की बढ़त बना ली है। इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया के बीच खेले गए डे-नाइट टेस्ट मैच में इंग्लैंड ने पहली पारी में 334 रन बनाए थे। जवाब में ऑस्ट्रेलिया ने पहली पारी में 511 रन



बनाकर 177 रनों की बढ़त हासिल कर ली थी। दूसरी पारी में इंग्लैंड की बल्लेबाजी खराब रही और एक समय लगा कि टीम को पारी से हार का सामना करना पड़ेगा, लेकिन चौथे दिन कप्तान बेन स्टोक्स और विल जैक्स ने पारी को संभाला। स्टोक्स ने अर्धशतक लगाया जिससे इंग्लैंड की टीम मामूली बढ़त हासिल करने में सफल रही। ऑस्ट्रेलिया को 69 रनों का लक्ष्य हासिल करने में कोई दिक्कत नहीं हुई। ऑस्ट्रेलिया ने इससे पहले पर्थ टेस्ट में भी जीत दर्ज की थी।

दोनों टीमों के बीच अब सीरीज का तीसरा मैच एडिलेड में 17 दिसंबर से खेला जाएगा। स्टार्क ने कुल आठ विकेट झटके जिसमें पहली पारी में छह विकेट लेना शामिल है। वहीं, नेसर ने पहली पारी में एक विकेट लिया और दूसरी पारी में पांच विकेट झटके। लक्ष्य का पीछा करने उतरी ऑस्ट्रेलिया को गस एटकिंसन ने दो झटके दिए।

### स्टोक्स-जैक्स की साझेदारी

इंग्लैंड ने चौथे दिन दूसरी पारी छह विकेट पर 134 रन से आगे बढ़ाई। स्टोक्स और जैक्स ने चार-चार रन से आगे खेलना शुरू किया। इन दोनों बल्लेबाजों ने ऑस्ट्रेलिया के गेंदबाजों को कुछ हद तक परेशान किया। स्टोक्स ने इस दौरान अर्धशतक पूरा किया, लेकिन जैक्स पचासा लगाने से पहले अपना विकेट गंवा बैठे। जैक्स और स्टोक्स के बीच सातवें विकेट के लिए 96 रनों की साझेदारी हुई। जैक्स को नेसर ने अपना शिकार बनाया और वह 92 गेंदों पर दो चौकों की मदद से 41 रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद नेसर ने स्टोक्स को भी पवेलियन की राह दिखाई जो 152 गेंदों पर चार चौकों की मदद से 50 रन बनाकर आउट हुए।

### स्मिथ और आर्चर के बीच तीखी बहस

ऑस्ट्रेलिया के कप्तान स्टीव स्मिथ और इंग्लैंड के तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर के बीच रविवार को एशेज सीरीज के दूसरे टेस्ट के दौरान तीखी नोकझोंक देखने को मिली। ऑस्ट्रेलिया की दूसरी पारी के नौवें ओवर में स्मिथ ने लेग साइड पर एक शानदार चौका लगाया, जिस पर आर्चर भड़कते हुए नजर आए। इसके तुरंत बाद आर्चर ने 150 किमी प्रति घंटा से ज्यादा की रफ्तार वाली बाउंसर फेंकी। स्मिथ जब इसे अपरकट करने से चूके, तो आर्चर उनके करीब आए और कुछ कमेंट किया। स्मिथ भी पीछे नहीं हटे और अगली ही दो गेंदों पर 10 रन ठोक डाले, जिसमें 155 किमी प्रति घंटा की रफ्तार से फेंकी गई गेंद पर लगाया गया एक शानदार छक्का भी शामिल था।

# सोमवार, 08 दिसम्बर राशिफल

मेष राशि के लोगों के लिए आज का दिन सामान्य रूप से अच्छा रहेगा। आपके ऊपर आज काम का दबाव अधिक रहेगा जिससे आपको आज अपने को बेहतर तरीके से मैनेज करना होगा। आपको आज कुछ नई जिम्मेदारी भी मिलने वाली है इसके लिए आपको कमर कसकर तैयार रहना होगा।

वृषभ राशि के जातकों के लिए आज का दिन अच्छा रहने वाला है। आपको आज कार्यक्षेत्र में सहकर्मियों से सहयोग मिलेगा। विपरीत लिंगी सहकर्मियों से आपको आज विशेष रूप से तालमेल बनाकर चलना होगा इनसे आपको विशेष रूप से सहयोग मिल सकता है।

मिथुन राशि के जातको के लिए आज का दिन लाभदायक और शुभ रहेगा लेकिन आज आपके ऊपर काम का अधिक दबाव रह सकता है। आपके सितारे बताते हैं कि आपको आज अधिकारीवर्ग से सहयोग के साथ कुछ मार्गदर्शन भी मिलेगा।

कर्क राशि के जातको के लिए आज का दिन सामान्य रूप से अच्छा है। आज आप आत्मविश्वास और उत्साह से भरपूर रहेंगे। आपको अपने निर्णय और कार्यकुशलता का फायदा मिलेगा। नौकरी मे आज आपका काम सुचारू चलेगा।

सिंह राशि के लोगों के लिए आज का दिन मिलाजुला रहेगा। आपको आज कार्यक्षेत्र में अधिक सजग रहकर काम करना होगा। कामकाज के सिलसिले में यात्रा का संयोग बनेगा। आपको आज आयात-निर्यात के काम में सफलता मिलेगी।

कन्या राशि के जातको के लिए आज का दिन शुभ और लाभदायक रहेगा। नौकरी में आपका प्रभाव और सम्मान बढेगा। आपको आज रचनात्मक क्षमता का लाभ मिलेगा। जो लोग नौकरी की तलाश में हैं उनको आज कोई बड़ा मौका मिल सकता है।

तुला राशि के जातको के लिए आज का दिन अच्छा रहेगा। आपको आज बिजनेस में बड़ा लाभ मिलेगा। ज्वेलरी और वाहन के कारोबार से जुड़े जातकों को आज आर्थिक लाभ मिलेगा। साथ ही जो लोग इंश्योरेंस के काम से जुड़े हैं उनको आज कोई बड़ी डील मिल सकती है।

वृश्चिक राशि के लोगों के लिए आज का दिन कुल मिलाकर अच्छा रहेगा। आपके ऊपर आज काम का दबाव अधिक रहेगा। कुछ अटके काम को भी निपटाना होगा। वैसे आर्थिक योजना आपकी सफल रहेगी। आप दीर्घकालिक निवेश से भी लाभ प्राप्त कर पाएंगे।

धनु राशि के लिए आज का दिन व्यस्तता भरा रहेगा आपको आज कार्यक्षेत्र में कुछ नई जिम्मेदारी मिल सकती है। नौकरी में आज अधिकारियों से आपको तालमेल बनाकर रखना होगा इसका आपको भविष्य मे भी लाभ मिलेगा। आप आज दीर्घकालिक निवेश कर सकते हैं।

मकर राशि के लोगों के लिए आज का दिन मिलाजुला रहेगा। आपको आज कार्यक्षेत्र में कुछ नई परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। दिन का दूसरा भाग बिजनेस के मामले में आपके लिए अच्छा रहेगा। आपको आज तकनीकी क्षेत्र में अपने अनुभव और ज्ञान का मौका मिलेगा।

कुंभ राशि के लागो के लिए आज का दिन अच्छा है। आपको आज कार्यक्षेत्र में अपनी मेहनत और कार्यकुशलता का फायदा मिलेगा। आप आज कुछ नया काम भी शुरू कर सकते है। नौकरी में आज आपका काम सुचारू रूप से चलेगा।

मीन राशि के जातको के लिए आज सोमवार का दिन लाभदायक और अनुकूल रहेगा। आपको आज भाग्य आर्थिक लाभ दिलाएगा। जो लोग लोहा और धातु संबंधी कारोबार से जुड़े हुए हैं उनको आज विशेष फायदा हो सकता है।



डॉ. शिल्पा जैन
(एस्ट्रोलॉजर)
मो. 942560752

# श्रीमद् भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ में उमड़ा आस्था और श्रद्धा का सागर

## 151 कलशों संग निकली भव्य कलश यात्रा

एनएनआई



**आगरा।** पावन पौष मास के शुभ अवसर पर भोले बाबा पार्क सेवा समिति, कमला नगर के तत्वावधान में आयोजित श्रीमद् भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ का शुभारंभ रविवार को भव्य कलश यात्रा के साथ हुआ। भोला चौक स्थित भोले बाबा पार्क से प्रारंभ हुई इस यात्रा में 151 महिलाओं ने पीत वस्त्र धारण कर सिर पर कलश रखकर सहभागिता की। भक्ति संगीत, ढोल-नगाड़ों और राधे-राधे, जय श्रीकृष्ण के गगनभेदी जयघोषों के बीच समूचा क्षेत्र भक्तिरस में सराबोर हो गया।

कलश यात्रा के साथ सुसज्जित राधाझकृष्ण की भव्य झांकी आकर्षण का केंद्र रही। श्रद्धा और उत्साह से भरे इस आयोजन ने पूरे कमला नगर क्षेत्र को आध्यात्मिक रंगों में रंग दिया। कार्यक्रम में कथा व्यास आचार्य ब्रजकिशोर वशिष्ठ भैया ने विधिवत कलश स्थापना संपन्न कराई तथा श्रीमद् भागवत महापुराण के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि भागवत कथा केवल कथा नहीं, बल्कि मानव जीवन को सदाचार, भक्ति और संयम के मार्ग पर चलने की दिव्य प्रेरणा है। मुख्य यजमान कृष्ण मिश्र और आशा मिश्र ने बताया कि यह दिव्य कथा 13 दिसंबर तक प्रतिदिन दोपहर 2 बजे से आयोजित की जाएगी। इस दौरान प्रतिदिन सजीव धार्मिक झांकियां प्रस्तुत की जाएंगी तथा श्रद्धालुओं के लिए विशेष प्रसादी वितरण किया जाएगा। आयोजन में समिति के संरक्षक राधेश्याम धवन, हरिप्रसाद शर्मा, शिखर चन्द जैन सहित प्रतिदिन के यजमानों के रूप में डॉ. जीएस जैन, सुमन जैन, राधाबाबू अग्रवाल, सुमन अग्रवाल, देवेन्द्र शर्मा, राधा शर्मा, संजय अग्रवाल, सुनीता अग्रवाल, लोकेश गर्ग, रूपल गर्ग, डॉ. राजीव शर्मा, राजेश्वरी शर्मा, मुकेश अग्रवाल, पद्मा अग्रवाल, डॉ. संजय धवन, डॉ. दीपा धवन, केशव देव गोयल, यशवी गोयल, रवि अग्रवाल, रजनी अग्रवाल, चन्द्र कुमार छावड़ा, हिना छावड़ा, देवेन्द्र सिंघल, प्रभा सिंघल, गिरीश गुप्ता, सुलेखा गुप्ता, मनोज गुप्ता, अनीता गुप्ता, वीरेन्द्र अग्रवाल, योगेश जैसवाल, पारूल जैसवाल, राजकुमार गुप्ता, प्रभा गुप्ता, योगेश गुप्ता, ममता गुप्ता, राजीव गुप्ता, प्रीती गुप्ता, नीरज अग्रवाल, नेहा अग्रवाल, मोहित अग्रवाल, स्नेहलता अग्रवाल, पवन गुप्ता, ममता गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

# युवाओं को निक्षय मित्र बनने के लिए किया गया प्रेरित

## डीटीओ ने टीबी मरीजों से भेदभाव न करने की अपील की




एनएनआई

**आगरा।** एकलव्य स्पोर्ट्स स्टेडियम में आयोजित हैल्थऑन कार्यक्रम में जिला क्षय रोग अधिकारी डॉक्टर सुखेश गुप्ता के पर्यवेक्षण में जिला क्षय रोग केंद्र आगरा के द्वारा राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत टीबी की स्टॉल लगाई गई। स्टॉल पर टीबी मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत 200 से अधिक लोगों की टीबी स्क्रीनिंग की गई। इसके साथ ही यहां पर एक हजार से ज्यादा एकत्रित हुए युवाओं को टीबी के संक्रमण, उपचार व टीबी रोगियों के बारे में जागरुक किया। इसके अतिरिक्त युवाओं निक्षय मित्र बनकर टीबी रोगियों की सहायता करने के लिए भी प्रेरित किया।

जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. सुखेश गुप्ता ने बताया कि भारत सरकार के युवा कल्याण एवं खेल मंत्रालय ने टीबी मुक्त भारत अभियान को सशक्त बनाने के लिए युवाओं व संस्थाओं को निक्षय मित्र बनाने का फैसला किया है। निक्षय मित्र के तौर पर वे, टीबी रोगियों को गोद लेने, उनकी मनो-सामाजिक सहायता करने, उपचार के तहत सही तरीके से दवाएं लेने के लिए प्रेरित करेंगे।

डीटीओ ने बताया कि निक्षय मित्र बनने के लिए, हमें कुछ बातें ध्यान में रखना चाहिए जैसे- किसी भी टीबी रोगी जिसका इलाज चल रहा हो उसकी सहमित के बाद निक्षय पोर्टल पर स्वयं का निक्षय मित्र के तौर पर पंजीकरण करवाकर, उन्हें कम से कम छह महीने तक पोषण संबंधी सहायता अथवा अन्य वैकल्पिक सहयोग दे सकते हैं।

# जनक पार्क में होगा आर्य महासम्मेलन



- आर्य केंद्रीय सभा के सम्मेलन में देशभर से जुटेंगे हजारों आर्यजन
- स्वामी रामदेव मुख्य वक्ता के रूप में कर सकते है शिरकत

एनएनआई

**आगरा।** आर्य केंद्रीय सभा की ओर से आर्य महासम्मेलन का आयोजन होने जा रहा है। जिसमे देशभर से वैदिक विद्वान और हजारों आर्यजन शामिल होंगे। रविवार को जयपुर हॉउस स्थित आर्य समाज मंदिर पर आयोजित बैठक में सम्मेलन के पोस्टर का विमोचन केंद्रीय सभा के पदाधिकारियों ने किया। प्रधान सीए मनोज खुराना ने बताया कि आर्य महासम्मेलन की तैयारियां शुरू हो गयी है। महर्षि दयानंद सरस्वती जी के 200वें जयंती वर्ष और आर्य समाज स्थापना के 150वें वर्ष के उपलक्ष में अखिल भारतीय आयोजनों की श्रृंखला में कमला नगर स्थित जनक पार्क में तीन दिवसीय महासम्मेलन 30, 31 जनवरी और 1 फरवरी 2026 को आयोजित किया जा रहा है। आमंत्रित विद्वानों में प्रमुख रूप से योग गुरु स्वामी रामदेव, गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवव्रत और एमडीएच के चेयरमेन राजीव गुलाटी को आमंत्रित किया है। कार्यक्रम संयोजक प्रदीप कुलश्रेष्ठ ने बताया कि सम्मलेन में सुबह योग व यज्ञ, दोपहर में चिकित्सक, सीए, शिक्षक जैसे पेशेवरों के साथ वेदो पर विस्तृत चर्चा और शाम को लेजर शो का आयोजन होगा। महर्षि दयानन्द के जीवन पर प्रदर्शनी और फिल्म का प्रदर्शन किया जायेगा। तीन दिवसीय कार्यक्रम के दौरान आर्यवीर दल के बच्चो द्वारा अभ्यास का प्रदर्शन और भव्य शोभायात्रा निकाले जाने का बैठक में निर्णय लिया गया। सम्मलेन में आर्य समाज के करीब एक दर्जन प्रख्यात वैदिक आचार्य और भजनोपदेशक शामिल होंगे। इस अवसर पर वीरेंद्र कनवर, सुधीर अग्रवाल, आर्य अश्वनी, अनुज आर्य, विकास आर्य, देव शरण शास्त्री, राकेश तिवारी,अरविंद मेहता,बुद्धसेन आर्य, उमेश पाठक, भारत भूषण सामा, प्रदीप डेम्बल, विजय अग्रवाल, बृजराज परमार, सुशील हसीजा, राजकुमारी सिंघल, रामसखी विद्यार्थी आदि मौजूद रहे।




